

# दैनिक क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-13, अंक -309 जबलपुर, बुधवार 08 जनवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


## चीन में भूकंप से 95 की मौत, 130 घायल

### चीन,नेपाल-भूटान समेत सिक्किम और उत्तराखंड में भी असर



तिब्बत।(आरएनएस)। नेपाल की सीमा से सटे तिब्बत के पहाड़ी क्षेत्र शिजांग में मंगलवार को भूकंप ने तबाही मचा दी। 7.1 तीव्रता वाले भूकंप से भारी जानमाल का नुकसान हुआ है। अब तक 95 लोगों के मरने और 130 लोगों के घायल होने की सूचना मिल रही है।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार भूकंप का असर तिब्बत के शिगात्से शहर पर सबसे ज्यादा हुआ है। यहां बड़ी-बड़ी इमारतें भूकंप के कारण गिर गई हैं, जिससे काफी जानमाल का नुकसान हुआ है। चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी ने जानकारी दी कि शिजांग स्वायत्त क्षेत्र के डिंगरी काउंटी में 7.1 तीव्रता का भूकंप आया।

इसका असर भारत, नेपाल, बांग्लादेश और भूटान के कई इलाकों में देखने को मिला। यहां भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। भारत में बिहार, पश्चिम बंगाल व उत्तर भारत के कई हिस्सों और सिक्किम सहित पूर्वोत्तर के राज्यों में मंगलवार की सुबह भूकंप के झटकों लोग सहम गए।

**नेपाल में दिखा असर**

नेपाल की राजधानी में मंगलवार सुबह भूकंप के झटके लगे, तो लोग घरों से बाहर जान बचाने के लिए भागे। वह सड़कों व खुले स्थानों पर जाकर खड़े हो गए।

उन्होंने कहा कि मैंने उतना ध्यान नहीं दिया, लेकिन खिड़की हिल रही थी। मुझे एहसास हुआ कि यह भूकंप है। मैंने फिर जल्दी से अपने बच्चे को बुलाया और घर खाली कर दिया। हम भागकर खुले मैदान में आ गए।

**तिब्बत था भूकंप का केंद्र**

यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (स्त्रस) ने बताया कि भूकंप का केंद्र तिब्बत का शिजांग शहर था, इसलिए वहां इतनी तबाही मची। इसका असर नेपाल और भारत के बिहार, असम व सिक्किम में भी देखने को मिला। बंगाल के मालदा और कुछ और इलाकों में धरती हिलने से लोग सहमे दिखाई दिए।

**भूकंप आने के कारण**

भूकंप पृथ्वी की टेक्टोनिक प्लेट्स के आपस में टकराने, खिसकने या रगड़ने से आता है। ये प्लेट्स एक-दूसरे से दूर या करीब जाती हैं, तब धरती के अंदर भारी दबाव बन जाता है।

यह दबाव अचानक रिलीज होता है, तो ऊर्जा की तरंगें पृथ्वी की सतह पर फैलती हैं। इसे हम भूकंप के झटके के रूप में महसूस करते हैं।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव

## दिल्ली में चुनावी दंगल का आगाज, 5 फरवरी को होगी वोटिंग, 8 को आएंगे नतीजे, आचार संहिता लागू



नई दिल्ली-(आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तारीख का एलान हो गया है। राजधानी दिल्ली की सभी 70 सीटों पर एक ही चरण में 5 फरवरी को मतदान होगा। मतों की गिनती 8 फरवरी को होगी। चुनाव आयोग की इस घोषणा के साथ ही दिल्ली में आदर्श आचार संहिता लग गई है।

दिल्ली के विज्ञान भवन में चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत में मुख्य चुनाव आयुक्त ने चुनाव प्रक्रिया पर लगाए जा रहे आरोपों का जवाब भी दिया। दिल्ली चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी लगातार आरोप लगा रही है कि वोटर्स लिस्ट में भाजपा के इशारों पर धांधली की जा रही है। राजधानी दिल्ली में 10 साल से आम आदमी पार्टी की सरकार है। आप ने 2015 में कुल 70 सीट में से 67 पर जीत दर्ज की थी। तब भाजपा को सिर्फ 3 सीट मिली थी और कांग्रेस का खाता नहीं खुला था। इसके बाद 2020 के विधानसभा चुनाव में भी आम आदमी पार्टी का डंका बजा था। तब केजरीवाल की पार्टी ने 62 सीट जीती थी। भाजपा की झोली में 8 सीट गई थी, जबकि कांग्रेस एक बार फिर खाली हाथ रही थी। वहीं, दिल्ली में बीते पांच साल में कई बड़ी घटनाएं हुई हैं। शराब नीति कांड में केजरीवाल समेत बड़े नेताओं की गिरफ्तारी बड़ा मुद्दा है। केजरीवाल के इस्तीफे के बाद आतिशी को सीएम बनाया गया है। वोटर्स लिस्ट को लेकर भी आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर लगातार हमला बोला है। आप नेताओं का कहना है कि भाजपा केंद्र में सत्ता में होने का गलत फायदा उठा रही है।

### दिल्ली-सीएम आतिशी का बड़ा दावा

## केंद्र सरकार ने 3 महीने में दूसरी बार घर से निकाला



नई दिल्ली.(आरएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाया. उन्होंने कहा, केंद्र की सरकार ने मुझे तीन महीने में दूसरी बार सीएम आवास से निकाला है. आतिशी ने कहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा से कुछ दिन पहले ही केंद्र सरकार ने जानबूझकर उनके आवास का आवंटन रद्द कर दिया है. आतिशी ने कहा, केंद्र सरकार ने मुझे तीन महीने में दूसरी बार मुख्यमंत्री आवास से निकालकर बाहर फेंक दिया है. पत्र भेजकर मुख्यमंत्री आवास का अलॉटमेंट रद्द किया. मुख्यमंत्री आवास, एक चुनी हुई सरकार की चुनी हुई मुख्यमंत्री से छीन ली. तीन महीने पहले भी इन्होंने यही किया था. जब मैं मुख्यमंत्री बनीं, मुख्यमंत्री आवास से मेरा सामान, मेरे परिवार का सामान निकालकर फेंक दिया था.आतिशी ने आगे कहा कि वह किसी भी कीमत पर दिल्ली के लोगों के लिए काम करना जारी रखेंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सोचती है कि वे हमारे घर छीनकर, हमें गाली देकर और मेरे परिवार के बारे में बुरा बोलकर हमें काम करने से रोक देंगे। वे हमारे घर छीन सकते हैं, हमारा काम बंद कर सकते हैं लेकिन दिल्ली के लोगों के लिए काम करने के हमारे जुनून को नहीं रोक सकते। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो मैं दिल्ली की जनता के घर आकर रहूंगा और दिल्ली की जनता के लिए काम करता रहूंगा। कालकाजी की प्रत्याशी ने कहा कि तीन महीने पहले भी मेरा सामान सड़क पर फेंक दिया गया था। उन्होंने कहा कि बीजेपी को याद रखना चाहिए, आज जब उन्होंने मुझे फिर से मुख्यमंत्री आवास से बाहर निकाल दिया है, तो मैं शपथ लेती हूं कि मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि दिल्ली की हर पुजारी और ग्रंथी को 18,000 रुपये की सम्मान राशि मिले और हर बुजुर्ग को संजीवनी योजना के तहत मुफ्त इलाज मिले।

## स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन प्रारंभ करने की मंत्रि-परिषद ने दी सैद्धांतिक स्वीकृति

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई मंत्रि-परिषद



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश के युवाओं के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास के उद्देश्य से युवा-उन्मुखीकरण की गतिविधियों को समन्वित रूप से एक ही मंच पर लाने के लिए स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन प्रारंभ करने की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा स्वतंत्रता दिवस 2024 के अवसर पर प्रदेश में चार मिशन अन्नदाता (किसान) कल्याण, युवा शक्ति, नारी शक्ति और गरीब कल्याण को लागू करने की घोषणा की थी। इसी को ध्यान में रखते हुए स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन, युवाओं के उन्मुखीकरण की गतिविधियों को समन्वित करने के लिए एक साझेदारी मंच का निर्माण करेगा, जिससे राज्य के विकास को बढ़ावा मिलेगा। स्वामी विवेकानन्द की जयंती 12 जनवरी 2025 (युवा दिवस) के अवसर पर मिशन प्रारंभ किया जायेगा। मिशन के प्रमुख उद्देश्य युवाओं में आत्म-विश्वास निर्माण, प्रतिस्पर्धा के लिए तैयारी के साथ उनके कौशल उन्नयन और प्रतिभा को निखारने की गतिविधियों को बढ़ावा देना है। मिशन के प्रमुख घटक संवाद, सामर्थ्य (योग्यता) और समृद्धि, है।मिशन के तीन प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किए गये है। पहला लक्ष्य-प्रत्येक युवाओं की आय का स्तर न्यूनतम कुशल श्रेणी श्रमिक की दर के बराबर लक्षित करना। दूसरा लक्ष्य-प्रत्येक युवा को कक्षा 12वीं तक के स्तर तक शिक्षा पूरी कराने के लिये प्रयास करना। यह लक्ष्य 10वीं में वर्ष 2028 तक तथा 12वीं में वर्ष 2030 तक हासिल किया जायेगा। तीसरा लक्ष्य-प्रत्येक युवा को समाज के हित में सामाजिक पहल का हिस्सा बनाना है। वर्ष 2030 तक 70 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की जायेगी।

## दिल्ली के किसानों से मिले शिवराज सिंह चौहान, आप सरकार पर जमकर साधा निशाना



नई दिल्ली-(आरएनएस)। मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली के किसानों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जो भाजपा का एक संदेश था। कृषि मंत्री ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के कार्यान्वयन न होने पर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखा है। चौहान ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम राज्य सरकारों के माध्यम से एमएसपी पर फसल खरीदते हैं। मैंने हाल ही में सभी कृषि मंत्रियों की एक बैठक बुलाई और दिल्ली में एक भी नहीं है। यहां पीएम फसल बीमा योजना लागू नहीं है।

शिवराज ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों के लिए एक आपदा बन गई है क्योंकि वे केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं से लाभ उठाने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के किसानों ने मुझसे कहा कि वे केंद्र द्वारा दी जाने वाली कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा सकते क्योंकि उन्हें दिल्ली में लागू नहीं किया गया है। मैंने सीएम आतिशी को पत्र लिखकर यह चिंता जताई है। समस्या क्या है? भारत सरकार ऐसी योजनाएँ चला रही है जो राज्य सरकारों की मदद से क्रियान्वित की जाती हैं। उन्होंने कहा कि आप केंद्र से पैसा लेकर किसानों को क्यों नहीं दे रहे हैं? आपकी सरकार यहां किसानों के लिए आप-डीए बन गई है क्योंकि उन्हें कोई लाभ नहीं मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने आगे आप सरकार पर किसानों को बढ़ी कीमतों पर बिजली मुहैया कराने का आरोप लगाया।

### आसाराम को 31 मार्च तक मिली अंतरिम जमानत, सुप्रीम कोर्ट बोला- सबूतों से मत करना छेड़छाड़

नई दिल्ली। आखिरकार आसाराम को सुप्रीम कोर्ट ने 2013 के रेप केस मामले में जमानत दे ही दी। उसको 31 मार्च तक की अंतरिम जमानत मिली है। आसाराम ने स्वास्थ्य का हवाला देते हुए जमानत की याचिका डाली थी। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत के साथ कुछ शर्तें भी लगाई हैं, जिनका पालन आसाराम को करना होगा।

## बिहार में छापा मारने पहुंची यूपी पुलिस की टीम, ग्रामीणों ने किया पथराव, दो एसआई और पांच जवान घायल

बलिया.(आरएनएस)। बिहार के बक्सर जिले के छतनवार गांव में रविवार देर शाम छापा मारने पहुंची यूपी की बलिया कोतवाली पुलिस पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया. हमले में एक एसआई, एक एएसआई और पांच आरक्षी जख्मी हो गए. हमलावरों ने पथराव कर पुलिस वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया. घायल पुलिसकर्मियों का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है. बलिया कोतवाली पुलिस बगैर स्थानीय पुलिस को सूचना दिए वहां पहुंची थी. बलिया पुलिस को सूचना मिली थी कि छतनवार गांव के यादव टोला स्थित धर्मराज यादव के घर चोरी की बाइक रखी है. बलिया में चोरी की बाइक के साथ युवक पकड़ा गया था, जिसने पूछताछ में धर्मराज यादव का नाम लिया था. इसी आधार पर बलिया पुलिस देर शाम वहां पहुंची थी. पुलिस ने धर्मराज यादव के घर की तलाशी लेनी शुरू की. धर्मराज के परिजनों और गांव के अन्य लोगों ने टीम पर हमला कर दिया. हमले में बलिया कोतवाली के एसआई ज्ञान चंद्र शुक्ला और एएसआई राजू राय जख्मी हो गए. दोनों को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अन्य पुलिसकर्मियों को भी हल्की चोटें आई हैं.

## असम- अवैध कोयला खदान में पानी घुसा, 300 फीट नीचे डेढ़ दर्जन मजदूर फंसे. बचाव कार्य जारी



गुवाहाटी.(आरएनएस)। असम के एक कोल माइन में बड़ी संख्या में मजदूर फंस गए हैं. कथित रैट होल खदान में पानी घुस जाने की वजह से दर्जनों मजदूरों का जीवन दांव पर लगा हुआ है. घटना राज्य के दिमा हसाओ जिला के उमरंगसो की है. यहां खदान में 300 फीट गहराई में मजदूर फंसे हुए हैं. यह माइन, असम-मेघालय बॉर्डर के पास एक इंडस्ट्रियल एरिया में है. पुलिस एवं अन्य रेस्क्यू टीमें मजदूरों को निकालने का प्रयास कर रही हैं लेकिन पानी काफी भर जाने की वजह से मुश्किलें आ रही हैं.

### इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर पर नहीं बनी सहमति

## मध्य प्रदेश में भाजपा के 40 जिला अध्यक्षों की घोषणा आज संभव




भोपाल=(आरएनएस)। भाजपा जिला अध्यक्षों की 35 से 40 नामों की सूची मंगलवार को जारी की जाएगी। इसको लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में दो घंटे तक मंथन हुआ।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने जिला अध्यक्षों के नामों पर विचार-विमर्श किया। सूची फाइनल हो गई है, इसे स्वीकृति के लिए दिल्ली भेजा गया। बताया जा रहा है कि दिल्ली से भी सूची शामिल नामों को स्वीकृति मिल गई है। नामों की सूची सोमवार को जारी की जानी थी, लेकिन कुछ नामों पर सहमति नहीं बनने के कारण सूची रोक दी गई।

जिला अध्यक्षों के 15 से अधिक नामों पर अब भी सहमति नहीं बनी है। ऐसे में पहली सूची 35 से 40 नामों की ही जारी की जाएगी। शेष नामों पर पुनर्विचार कर अंतिम रूप दिया जाएगा।

सागर, इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, सतना, रीवा, नरसिंहपुर सहित अन्य जिलों के जिला अध्यक्ष के एक से अधिक नामों पर पार्टी नेताओं के बीच खींचतान के बीच फिलहाल इन जिलों में जिला अध्यक्ष की घोषणा बाद में की जा सकती है।

## लोगों पर डाला जा रहा दबाव, झूठे मुकदमे फंसाये जा रहे



नई दिल्ली-(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के मुखिया और सांसद अखिलेश यादव ने एक बार फिर से संभल की घटना को लेकर योगी सरकार और भाजपा पर निशाना साधा है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल संभल जाकर लोगों से बात करना चाहता था। सरकार ने हमें इजाजत नहीं दी। वे दिल्ली और लखनऊ से तैयार हुए, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। लेकिन जब उन्होंने दूसरी बार जाना चाहा तो पुलिस ने उन्हें इजाजत दे दी। उन्होंने सवाल किया कि सरकार पहली बार में क्या छिपाना चाहती थी? सपा प्रमुख ने दावा किया कि वहां लोगों पर दबाव डाला जा रहा है, झूठे मुकदमे फंसाये जा रहे हैं।

## यूपी में बवाल- शादीशुदा महिला को भगा ले गया प्रेमी, भीड़ ने मां और चाची को निर्वस्त्र घुमाया

कुशीनगर. उत्तर प्रदेश के कुशीनगर से मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है. यहां एक परिवार ने मुस्लिम युवक पर शादीशुदा महिला को भगा ले जाने का आरोप लगाया. इसके बाद लड़की के ससुराल वाले मुस्लिम युवक के घर पहुंचे और जबरन युवक की मां और चाची को घर से बाहर घसीट लाए. उन्होंने बुजुर्ग मां और चाची को नग्न कर पूरे गांव में घूमाया और उनकी पिटाई भी की. बताया जा रहा है ये पूरी घटना 2 जनवरी की है. कुशीनगर के एक गांव के दलित लड़की की शादी गोरखपुर के गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक युवक से हुई. 31 दिसंबर को महिला घर से गायब हो गई, जिसके बाद ससुरालवालों ने बहू की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस ने महिला के मायके में भी पूछताछ की. मायके वालों ने पास में रहने वाले एक युवक पर बेटी को भगा ले जाने का आरोप लगाया. इसके बाद महिला के ससुराल वाले युवक के घर पहुंच गए और महिलाओं के साथ गलत व्यवहार किया. पीड़ित महिलाओं का आरोप है कि कुछ लोग उनके घर में जबरदस्ती घुस गए और नग्न कर पूरे गांव में घुमाया. इसके बाद उन्होंने महिलाओं के घर के बाहर कपड़ों में आग लगा दी. इस दौरान गुलरिहा थाने के सिपाही भी वहां मौजूद रहे और उन्होंने भी महिलाओं के साथ मारपीट की.

### संसद में शहरी मामलों की स्थायी समिति में हुई चर्चा-भोपाल के सांसद आलोक शर्मा ने रखा है प्रस्ताव- सांसद ने कहा- भोपाल राजा-महाराजाओं की नगरी

## भोपाल के बड़ा तालाब में डूबा है प्राचीन नगर, सांसद ने दिल्ली में रखा पानी के अंदर सर्वे का प्रस्ताव



भोपाल=(आरएनएस)। बड़ा तालाब की अथाह जलराशि में एक प्राचीन नगर डूबा हुआ है। इस दावे के साथ भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने संसद की स्थायी समिति को एक प्रस्ताव दिया है। शहरी मामलों की स्थायी समिति की बैठक में शर्मा ने पानी के भीतर सर्वेक्षण कर इस धरोहर को सामने लाने की वकालत की है। नई दिल्ली स्थित संसद भवन में हुई बैठक में सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि तालाब के किनारों पर दो बुर्ज और प्राचीन दीवारों के रूप में उस नगर के अवशेष अब भी मौजूद हैं। इसको लेकर वैज्ञानिक अध्ययन और खोज कराई जानी चाहिए, ताकि भोपाल की विरासत पर पड़ा पर्दा उठ सके। सांसद आलोक शर्मा ने बताया कि भोपाल राजा-महाराजाओं की नगरी रही है। यहां 11वीं सदी की धरोहरें हैं। प्राचीन काल से ही इस शहर का सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व है। इनका संरक्षण, संवर्धन और सुंदरीकरण किया जाना चाहिए।

बड़ा तालाब में ऐसी धरोहरों के अवशेष मौजूद हैं, जिनको लेकर कई वर्षों से दावे किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के साथ ही इतिहासकार भी समय-समय पर मांग उठाते रहे हैं। इसकी खोज होना बहुत जरूरी है। शर्मा ने कहा कि कई पुरातत्वविद बताते हैं कि इसमें वैदिक नगर बसा हुआ था। गोंड कालीन किले की दीवारें व बुर्ज भी इसके किनारे पर दिखाई देते हैं। ऐसे में इसकी वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराना जरूरी है। पुरातत्वविद पूजा सक्सेना का कहना है, 'बड़ा तालाब के किनारे जो बुर्ज व दीवारें दिखाई देती हैं, उनके गोंड कालीन होने की संभावना है। संभव है कि बड़ा तालाब के किनारों पर गोंड राजाओं ने महल आदि बनवाया हो। यह सभी अध्ययन और खोज का विषय है। यह बात सही है कि भोपाल में 11वीं सदी की धरोहरों के अवशेष मौजूद हैं।' बताया जा रहा है कि वर्ष 2009-10 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के भोपाल वृत्त ने तालाब में डूबे महल और किले के अवशेष की तलाश के लिए एक प्रस्ताव तैयार किया था।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना माढ़ोताल में श्रीमती अनुपमा अग्रवाल उम्र 48 वर्ष निवासी चुंगीनाका आईटीआई अपने परिजनों के साथ एक युवक को पकडकर लायी एवं रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मार्बल टाईल्स, सेनेटरी की दुकान चलाती है आज रात लगभग 1 बजे उसकी दुकान में लगे कैमरे को अपने मोबाइल में देख रही थी तभी एक व्यक्ति उसकी दुकान के सामने से कांच के उपर से अंदर घुसते हुये दिखा तो वह एवं उसके पति अश्वनी कुमार तथा बेटा इंद्रन कार्तिक, अरिन्दम के साथ अपनी दुकान चुंगीनाका आये देखा दुकान के अंदर एक व्यक्ति घुसा था जिसे पति एवं बेटे की मद्द से पकड़ा

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान शिविर में सैंकड़ो हितग्राही हुए लाभांवित





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जन कल्याणकारी योजनाओं को घर घर हर हितग्राही तक पहुंचाने के लिए हम निरंतर प्रयास करते हैं। हर सशक्त नागरिक को अपने आस पास जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने प्रेरित करना चाहिए। हितग्राहियों को निशुल्क स्वास्थ्य, राशन और पेंशन के साथ ही शिविर में हर आवश्यक पेपर समग्र आई डी, आधार कार्ड, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र की गलतियां

## दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में आयोजित किया गया शिविर

का सुधार कार्य करवा लेना चाहिए उक्त उद्गार उत्तर-मध्य विधानसभा के विधायक डॉ. अभिलाष पांडे एवं पार्षद श्रीमती मोनिका पुष्पेन्द्र सिंह ने सामुदायिक भवन माढ़ोताल दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में आयोजित जनकल्याण शिविर में कहे। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान एवं जन कल्याण पर्व अंतर्गत सामुदायिक मंगल भवन शारदा मंदिर के पीछे माढ़ोताल दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में आयोजित शिविर में नगर निगम की हितग्राही मूलक योजनाएं जैसे समग्र आईडी, पेंशन, राशन पात्रता पर्ची, राशन से संबंधित, भवन निर्माण कार्ड एवं संबल कार्ड से संबंधित, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित, नल कनेक्शन एवं संपत्ति कर जलकर से संबंधित, बिजली विभाग से संबंधित समस्त समस्याओं का निराकरण किया गया। शिविर में नगर निगम जोन क्रमांक 06 के संभागीय अधिकारी सत्येंद्र चक्रवर्ती, विमल नामदेव, चंद्रशेखर आजाद, मंडल अध्यक्ष पुष्पराज पांडे, पार्षद श्रीमती प्रतिभा विध्येश भापकर, गणेश पटेल, सुबोध पांडे, शंकर श्रीवास्तव, बी डी साहू, सचिन नामदेव, प्रकाश रैकवार सहित बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।



# आदि शंकराचार्य महोत्सव मनाया गया

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।अखिल भारतीय गोस्वामी जिला जबलपुर के तत्वाधान में अखिल भारतीय गोस्वामी सभा दिल्ली राष्ट्रीय उपाध्यक्ष माननीय श्री सुरेन्द्र गिरि के? ग्राम कुदवारी में आज रविवार नववर्ष पर आदिगुरु शंकराचार्य जन जागरण सनातन धर्म समरसता? , सामाजिक, आध्यात्मिक तथा संकीर्तन भजन के बाद सामाजिक संगठन बैठक विचार मंथन पर परिचर्चा की गई।

?आदिगुरु शंकराचार्य जागरण में महिला एवं पुरुष अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संकीर्तन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से महंत द्वारका पुरी, श्री? मनमोहन दुबे गोस्वामी सभा? अध्यक्ष ?श्री? राजेश गिरि?, डॉ सुधीर अग्रवाल,?श्री सुरेन्द्र गिरि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ सुभाष तिवारी, श्री अमरेश गिरि, नमोकांत गिरि , विनोद गिरि? , मुरारी गिरि , जनार्दन गिरि, सुधांश गिरि , श्री वांकर गिरि एवं समस्त क्षेत्रीय जन उपस्थिति से कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

# क्रिकेट-रोमांचक मुकाबले में हितकारिणी देवताल बना विजेता



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। गोल बाजार मैदान में खेले जा रहे अंतर हितकारिणी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में हितकारिणी शाला देवताल ने हितकारिणी चिल्ड्रन एकेडमी गोविंदगंज को पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चिल्ड्रन एकेडमी गोविंदगंज के आदित्य ने नाबाद 14 रनों की पारी खेली। अजय मरावी ने 3 विकेट चटकाये। जवाबी पारी खेलते हुए हितकारिणी शाला देवताल के अजय मरावी के आतिशी 25 रनों की बदौलत देवताल टीम ने जीत दर्ज की। हितकारिणी शाला देवताल के अजय मरावी मैन ऑफ द मैच और कृष्णा बैगा मैन ऑफ द सीरीज बनें। इस अवसर पर विद्या परिषद के सचिव एड जयेश राठौर, एड अशोक गुप्ता, दीपक सिंह राठौर, शिवदत्त मिश्रा, संयोजक नरेश तिवारी, सह संयोजक राजीव श्रीवास्तव, खेल अधिकारी दिनेश सिंह ठाकुर, रजनीश श्रीवास्तव, ज्योत्सना दीक्षित, शेखर खंपरिया, राजेंद्र तिवारी, सारिका मिश्रा, हरीश विष्वकर्मा, सुनील दुबे सहित खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## स्वर्गीय श्रीमती निम्मीदेवी रोहाणी आशीर्वाद कप टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 21 जनवरी 2025 से आयोजित

**क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने केन्ट विधानसभा क्षेत्र की टीमें 15 जनवरी तक कर सकती हैं आवेदन**



जबलपुर। केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी की दादा मां जी की स्मृति में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 21 जनवरी 2025 से दिनांक 25 जनवरी 2025 तक स्वर्गीय श्रीमती निम्मी देवी रोहाणी आशीर्वाद टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, आयोजन वेस्टलैंड खमरिया ग्राउंड में किया जाएगा तथा क्रिकेट प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए टीमों के आवेदन 15 जनवरी 2025 तक प्राप्त किए जाएंगे। प्रतियोगिता में सिर्फ केन्ट विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ियों की टीम को ही प्रवेश दिया जाएगा, क्रिकेट टीमें प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इन नम्बों पर संपर्क कर सकती है 9424813444, 7999847571, 9329023768, 8120466786, 9303628835 आदि।

# यात्री सुविधाओं का जायजा लेने मंडल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों के साथ किया स्टेशन का निरीक्षण



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर रेल मंडल के मुखिया नवनियुक्त मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल कुमार तलरेजा ने आज मंगलवार सुबह 11ः00 अपने अधिकारियों के साथ आगामी महाकुंभ मेला के अवसर पर यात्रियों की सुविधा का जायजा लेने के लिए जबलपुर से सतना रेल खंड का प्रथम निरीक्षण किया।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने जबलपुर स्टेशन से स्पेशल ट्रेन परख द्वारा अपना निरीक्षण प्रारंभ करते हुए कटनी सहित मैहर एवं सतना स्टेशन पर चल रहे आगामी महाकुंभ मेला की तैयारी का निरीक्षण किया इसके साथ ही यात्री सुविधाओं में उपलब्ध स्टेशन पर प्लेटफार्म में लिफ्ट, एस्केलेटर तथा यात्रियों की सुविधा आदि पर अधिकारियों से चर्चा की। क्रू लॉबी, पार्सल ऑफिस, लगेज स्कैनर पर चर्चा की बुकिंग कार्यालय टिकट वितरण वाले काउंटरों को देखकर संतोष व्यक्त किया।

इस निरीक्षण के दौरान कटनी, मैहर एवं सतना में महाकुंभ मेला पर अतिरिक्त यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए स्टेशनों पर महाकुंभ के यात्रियों के लिए अलग से शेड बनाने की व्यवस्था की गई है जिससे महाकुंभ मेला में जाने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुविधा पर विशेष ध्यान दिया गया है जिसका भी श्री तलरेजा द्वारा निरीक्षण किया गया।

इस निरीक्षण के दौरान एडीआरएम श्री आनंद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीमती निर्मला गुप्ता, सीनियर डीसीएम डॉ. मधुर वर्मा, सीनियर डीईएन (को.) श्री जे.पी. सिंह, सीनियर डीईई (टीआरओ) श्री अक्षय कुमरावत, सीनियर डीईई (जनरल) श्री रामबदन मिश्रा, सीनियर डीएसटीई (को) श्री आलोक तिवारी, डीओएम श्री मृत्युंजय कुमार एवं सीनियर डीएससी श्री मुनव्वर खान उपस्थित थे।

# दिसम्बर तक पमरे ने लगभग 39 मिलियन टन माल लदान किया

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महाप्रबंधक के निरंतर मॉनेटरिंग में पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय पर गुड्स ट्रैफिक फ्रेट लोडिंग बढ़ाने के उद्देश्य से समय-समय पर विभिन्न बैठकें आयोजित की जाती हैं। इसी कड़ी में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक के निर्देशन में तीनों मण्डलों पर वाणिज्य एवं परिचालन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करते हुए गुड्स लोडिंग को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने इस वित्तीय वर्ष के नौ माह में कुल 38.74 मिलियन टन माल लदान किया है। जिसमें अकेले दिसम्बर माह में 04.98 मिलियन टन माल लदान किया है।

माल यातायात बढ़ाने के लिए पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय और तीनों मंडलों द्वारा फ्रेट लोडिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में पिछले हप्ते पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में जबलपुर मंडल के प्रमुख फ्रेट लोडिंग को बढ़ावा देने के उद्धेश्य से फ्रेट कस्टमर मीटिंग का आयोजन किया गया। इसके आलावा मुख्यालय और तीनों मंडलों पर मालभाड़ा व्यापारियों के साथ समन्वय बनाने के उद्देश्य से समय-समय पर बैठक आयोजित की जाती है। गुड्स ट्रैफिक को बढ़ाने के लिए गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल एवं प्राइवेट फ्रेट टर्मिनल को बढ़ावा दिया जा रहा है। माल यातायात को बढ़ाने के लिए रेलवे द्वारा मालभाड़ा व्यापारियों को कई तरह की रियायतें/ छूट एवं अन्य सुविधाएँ भी दी जा रही हैं। इसके साथ ही रेकों की ट्रैकिंग कर उनके कंसाइनमेंट की समय पर सटीक जानकारी दी जा रही है। इसके साथ मालगाड़ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया गया और साथ ही साथ ऑपरेशनल सुधार भी किए जा रहे है। कई माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएं दी जा रही। आगे भी इस तरह पश्चिम मध्य रेल द्वारा माल यातायात की उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए प्रयास आगे भी निरंतर जारी रखे जाएंगे। ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण और त्वरित नीति निर्माण द्वारा रेलवे ने ये महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर म.प्र.

**निविदा सूचना**

N.I.T. NO. / PWD-16/PRO N0. 470 Date 07/01/ 2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://.mptenders.gov.in की पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_ UAD 392483_1 | रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड अंतर्गत आर्दश स्कूल के पास सड़क का सीमेंटीकरण व नाली निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 02 माह<br>12.08 लाख | रू. 2,000/-<br>9100/- | 14.02.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की www.mptenders.gov.in की बेवसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया

**कार्यपालन यंत्री , लोककर्म विभाग नगर निगम जबलपुर**




## राज्य सभा सांसद विवेक तन्खा की ओर से अजमेर शरीफ के लिए चादर रवाना

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सारी दुनिया को इंसानियत शांति व सदभाव का पैग़ाम देने वाले हज़रत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती गरीब नवाज का सालाना उर्स मुबारक अजमेर शरीफ में धूमधाम व अकीदत के साथ मनाया जा रहा है. राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा की ओर से अजमेर शरीफ के लिए चादर रवाना की गयी है. जेडीए के पूर्व उपाध्यक्ष हाजी मुहम्मद कदीर सोनी ने बताया कि सांसद विवेक तन्खा किन्हीं कारणों से जबलपुर में नहीं हैं लेकिन उनके निज निवास से हर साल की तरह अजमेर शरीफ उर्स के लिए चादर भेजी जा रही है. उन्होंने कहा कि सांसद तन्खा हमेशा से सर्व धर्म के पक्षधर रहें हैं जबलपुर की कौमी एकता के लिए उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है. इस मौके पर पार्षद गुलाम हुसैन, याकूब अंसारी, गुडडू नबी, शाबान मंसूरी, ताहिर खान, अशरफ़ राईन, एड. बब्बू यादव, पत्रकार तालिब हुसैन, ज़ाहिद अंसारी, अनवर बाबू आदि की मौजूदगी उल्लेखनीय रही .

## आज की जनसुनवाई में प्राप्त हुए 17 प्रकरण



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि ) ।आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने जनसुनवाई कक्ष में आज दिनांक 07 जनवरी 2025 को प्रातः 11:00 बजे से 01:00 बजे तक नागरिकों की समस्याएँ सुनी। इस दौरान भवन शाखा, अतिक्रमण, शासकीय योजना, संपदा, सीवर, बाजार विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य योजनाओं से संबंधित 17 जनसमस्याएँ प्राप्त हुई, जिसका निराकरण सुनवाई के दौरान ही किया गया। अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने बताया कि सभी प्राप्त शिकायतें संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण हेतु प्रेषित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम के संभाग क्रमांक 1 से 16 में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया तथा नागरिकों की समस्याएँ सुनी गई और उनका निराकरण भी कराया गया। जनसुनवाई के दौरान सभी विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर म.प्र.

**निविदा सूचना**

N.I.T. NO. / PWD/08/PRO N0. 463 Date 07/01/ 2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://.mptenders.gov.in की पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_ UAD 392083_1 Date- 9/1/25 | संभाग क्रं. 08 अंतर्गत शीतलामाई वार्ड कुचबंधिया मोहल्ले में वीरमना परिसर का सार्वजानिक गेट मरम्मत एवं मार्बल व अन्य कार्य। (पार्षद मद) | 02 माह<br>3.28 लाख | रू. 2,000/-<br>3300/- | 23.01.2025 |
| 2 | 2025_ UAD 392083_2 Date- 9/1/25 | संभाग क्रं. 08 अंतर्गत शीतलामाई वार्ड टी.आई.टी.कॉलोनी अनुराग चटर्जी के घर से दुबे जी के घर तक एवं बाजू वाली गली में सीमेंटीकरण कार्य। (पार्षद मद) | 02 माह<br>3.52 लाख | रू. 2,000/-<br>3600/- | 23.01.2025 |
| 3 | 2025_ UAD 392083_3 Date- 9/1/25 | संभाग क्रं. 08 अंतर्गत शीतलामाई वार्ड में विभिन्न स्थानों पर रोड एवं नाली निर्माण कार्य।(पार्षद मद) | 02 माह<br>4.21 लाख | रू. 2,000/-<br>4300/- | 23.01.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की www.mptenders.gov.in की बेवसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया

**कार्यपालन यंत्री , लोककर्म विभाग नगर निगम जबलपुर**



भोपाल ( आरएनएस )। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने नर्सिंग कॉलेजों की कॉउंसलिंग प्रक्रिया एवं मान्यता से संबंधित अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित समय-सीमा के भीतर समस्त प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

**विलंब के कारणों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाएं-प्रयागराज कुंभ प्रबंधन में क्रॉउड मैनेजमेंट, ड्रोन-सर्वे, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस क्षेत्र में हुए नवाचारों की बेस्ट प्रैक्टिसेस का सिंहस्थ में होगा क्रियान्वयन**

# सिंहस्थ-2028 के लिए उज्जैन, इंदौर संभाग में जारी अधोसंरचनात्मक कार्यों की प्रगति की प्रत्येक 15 दिन में हो समीक्षा - मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल -(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 में उज्जैन और इंदौर संभाग गतिविधियों के मुख्य केंद्र रहेंगे। इन संभागों में 2 ज्योतिर्लिंग होने से श्रद्धालुओं का आवागमन तथा धार्मिक गतिविधियां तुलनात्मक रूप से अधिक होंगी। इंदौर-उज्जैन संभाग में जारी विभिन्न विभागों के कार्य समय-सीमा में पूर्ण हों, यह मॉनिटरिंग प्रत्येक 15 दिन में सुनिश्चित करें। सक्षम स्तर के अधिकारी बैठक कर, कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें। ऐसे विषय जिन में उच्च स्तर से समन्वय या मार्गदर्शन आवश्यक है, वे विषय राज्य शासन के संज्ञान में लाए जाएं। निर्माण एजेंसियों को सौंपे गए कार्यों की साप्ताहिक मॉनिटरिंग सुनिश्चित कर विलंब के कारणों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में हुई सिंहस्थ-2028 की मंत्रि-मंडलीय समिति की द्वितीय बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अधोसंरचना से संबंधित जिन कार्यों के निर्माण में अधिक समय लगना है, उन सब की मंत्रि-मंडलीय समिति से स्वीकृति प्राप्त करने और निविदा प्रक्रिया पूर्ण करने का कार्य मार्च-2025 तक कर लिया जाए। जल प्रदाय, सीवरेज के कार्य तत्काल आरंभ किए जाएं। इसके साथ ही उज्जैन तथा इंदौर जिलों में बस अड्डों की क्षमता वृद्धि या नवीन बस अड्डों के विकास की कार्य योजना भी मार्च-2025 तक तैयार की जाए। सिंहस्थ-2028 के लिए समस्त विभागों के अधोसंरचनात्मक कार्यों की कार्य-योजना को सितंबर-2025 तक अंतिम रूप दिया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 की व्यवस्थाओं को श्रेष्ठतम स्वरूप देने के लिए प्रयागराज कुंभ के साथ ही हरिद्वार कुंभ मॉडल का अध्ययन भी किया जाएगा। प्रयागराज कुंभ पूर्ण होने के बाद वहां क्रॉउड मैनेजमेंट, ड्रोन सर्वे, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग तथा अन्य गतिविधियों में लगी कंपनियों व स्टार्ट-अप का उज्जैन में सम्मेलन आयोजित कर वहां की बेस्ट प्रैक्टिसेस का क्रियान्वयन सिंहस्थ-2028 में करने की कार्य योजना बनाई जाएगी।

रेलवे से समन्वय के लिए विशेष सेल गठित किया जाए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रद्धालुओं के आवागमन में सुगमता के लिए रेलवे से समन्वय के उद्देश्य से विशेष सेल गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घाटों तक श्रद्धालुओं के आसानी से आवागमन के लिए उपयुक्त पहुंच मार्ग विकसित किए जाएं। उज्जैन, इंदौर और देवास में होने वाले निर्माण कार्यों में सीवरेज, स्वच्छता और हरियाली का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पर्यटकों की सुविधा की दृष्टि से धर्मशालाओं के उन्नयन के लिए भी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 को देखते हुए, आवश्यकतानुसार विभागों में प्रशासकीय संरचनाओं का विस्तार तत्काल किया जाए।

सिंहस्थ, सदियों पुरानी सनातन परम्परा को जीवंत करने का उत्सव - मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि सिंहस्थ, सदियों पुरानी सनातन परम्परा को जीवंत करने का उत्सव है। सिंहस्थ-2028 में पधार रहे श्रद्धालुओं के आवागमन और उनकी सुविधाजनक आवास व्यवस्था के लिए इंदौर, उज्जैन और देवास क्षेत्र में समन्वित रूप से व्यवस्थाएं विकसित की जाएं।

क्षिप्रा नदी में निरंतर जल प्रवाह के लिए जारी है कार्य

बैठक में जानकारी दी गई कि मंत्रि-मंडलीय समिति द्वारा प्रथम बैठक में जल संसाधन, ऊर्जा, लोक निर्माण, संस्कृति, पुरातत्व और नगरीय विकास एवं आवास विभाग के लगभग 5 हजार 955 करोड़ रूपए लागत के 19 कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई थी। बैठक में क्षिप्रा नदी में निरंतर जल प्रवाह के लिए संचालित योजना सहित क्षिप्रा व कान्ह नदी पर प्रस्तावित बैराजों के निर्माण, कान्ह नदी डायवर्शन और घाट निर्माण की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही महाकाल लोक कॉरीडोर में पाषाण प्रतिमाओं के निर्माण, इंदौर-उज्जैन मार्ग के सिक्स लेन में चौड़ीकरण कार्य सहित उज्जैन के महत्वपूर्ण मार्गों, उज्जैन शहर की सीवरेज परियोजना आदि का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

मंत्रि-मंडलीय समिति ने गृह, पर्यटन, संस्कृति तथा नगरीय विकास एवं आवास विभाग के एक हजार 451 करोड़ रूपए लागत के 56 कार्य को स्वीकृति प्रदान की। इनमें गृह विभाग के अंतर्गत निर्मित होने वाले कंपोजिट कंट्रोल रूम उज्जैन, नवीन थाना भवन, इंटीग्रेटेड कमाण्ड एवं कंट्रोल सेंटर खण्डवा सहित उज्जैन, खण्डवा, देवास, इंदौर, आगर-मालवा, खरगोन में बनने वाले पुलिस आवास, थाना, ट्रांजिट हॉस्टल व कैम्प, बैरक आदि शामिल हैं। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत सिंहस्थ के दौरान आवागमन की दृष्टि से महत्वपूर्ण 5 सड़कों के चौड़ीकरण कार्य को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

मंत्रि-मंडलीय समिति ने पर्यटन विभाग के अंतर्गत उज्जैन में होटल महाराजबाड़ा द हेरिटेज, ग्रांड होटल, क्षिप्रा रेसीडेंसी तथा होटल उज्जैयिनी के उन्नयन, मंदसौर में पर्यटन सुविधा केन्द्र के उन्नयन और ओंकारेश्वर सर्किट विकास के अंतर्गत इंदौर, उज्जैन, ओंकारेश्वर और महेश्वर में यात्री सुविधाओं के विकास को स्वीकृति प्रदान की गई। नर्मदा रिसोर्ट महेश्वर, चोरल रिसोर्ट इंदौर, ओंकारेश्वर में नवीन होटल निर्माण और उज्जैन के होटल अवंतिका के उन्नयन कार्य को भी स्वीकृति प्रदान की गई। संस्कृति विभाग के अंतर्गत लाल बाग पैलेस परिसर इंदौर के उन्नयन, दरबार हॉल राजबाड़ा इंदौर के अनुरक्षण और विकास कार्य, ओंकारेश्वर स्थित ममलेश्वर मंदिर कॉम्पलेक्स के विकास और वीर दुर्गादास जी की उज्जैन स्थित छतरी के विकास और अनुरक्षण कार्य को भी स्वीकृति प्रदान की।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, परिवहन मंत्री श्रीउदय प्रताप सिंह, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत, उर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, संस्कृति, पर्यटन धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री श्री गौतम टेटवाल, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# युवा शक्ति की सहभागिता से होगा विकसित भारत का निर्माण- खेल मंत्री सारंग

भोपाल (आरएनएस) खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारी युवा शक्ति को प्रोत्साहन देने के निरंतर प्रयास हो रहे हैं। आज का युवा न केवल राष्ट्र का वर्तमान है, बल्कि कल का नेतृत्वकर्ता भी है। विकसित भारत 2047 का सपना तभी साकार होगा, जब हमारे युवा अपनी ऊर्जा, संकल्प और सृजनशीलता को राष्ट्रहित में लगाएंगे। श्री सारंग ने कहा कि युवाओं को अपने अधिकारों के साथ अपने कर्त्तव्यों के प्रति भी सजग रहना होगा। देश के प्रति समर्पण की भावना और कर्तव्य का बोध ही वह आधार है, जो हमारे युवाओं को अद्वितीय बना सकता है।

मंत्री श्री सारंग सोमवार को भोपाल स्थित तात्या टोपे स्टेडियम में 28वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने विज्ञान प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। यह उत्सव 8 जनवरी तक चलेगा। इसमें प्रदेश के 10 संभागों से 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग के लगभग 350 युवा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस राज्य स्तरीय



युवा उत्सव के विजेता 11-12 जनवरी को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव में भाग लेंगे।

मंत्री श्री सारंग ने युवाओं का आहवान करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के निर्माण के लिये अपना सर्वश्रेष्ठ दें, जिससे मानव जाति उन्हें सदैव याद रखे। युवा उम्र से नहीं जज्बे से होते है। युवा शक्ति ही देश में नये आयाम स्थापित करती है। समाज और राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की महती भूमिका है। श्री सारंग ने युवाओं को पर्यावरण, पानी और बिजली बचाने का भी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से ही सफलता अर्जित की जा सकती है। ईमानदारी और अनुशासन के साथ संयम की भी जरूरत है। अपने दायित्व निर्वहन करना ही जिम्मेदारी है। युवाओं में कर्तव्य बोध होना बहुत जरूरी है। सशक्त और संस्कारी युवा ही मध्यप्रदेश और देश की पहचान बने।

तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव का समापन 8 जनवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में होगा। समापन समारोह में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा, जो 12 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित 28वें राष्ट्रीय युवा उत्सव में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

28वां राष्ट्रीय युवा उत्सव इस वर्ष 10 से 12 जनवरी 2025 को नई दिल्ली के भारतमंडपम में आयोजित किया जा रहा है। इसमें देशभर के 15 से 29 वर्ष के लगभग 7500 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इस महोत्सव में स्वयं उपस्थित रहेंगे और युवाओं से संवाद करेंगे। इस वर्ष राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन %पंच प्राण% और %आजादी के अमृत महोत्सव% के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। इसका उद्देश्य देश के युवा प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन कर सकें।

प्रदेश में जिला, संभाग और राज्य स्तर पर आयोजित इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस महोत्सव के जरिए युवा प्रतिभाओं को सशक्त मंच उपलब्ध कराना और उन्हें देश की प्रगति में योगदान के लिए प्रेरित करना मुख्य उद्देश्य है। इस आयोजन में समूह लोक गीत, समूह लोक गायन, पेंटिंग, भाषण, विज्ञान मेला, कहानी लेखन और कविता लेखन जैसी 7 विधाओं में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

**पशुपालन मंत्री ने किया पशु प्रजनन प्रक्षेत्र भोपाल का निरीक्षण**

# गोवंश के आहार में हरा चारा और साइलेज को शामिल करें -मंत्री पटेल

भोपाल-(आरएनएस) पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने कहा है कि गोवंश के आहार में हरा चारा और साइलेज को शामिल करें। इससे गोवंश का स्वास्थ्य अच्छा रहता है तथा दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होती है। मंत्री श्री पटेल ने भदभदा, भोपाल स्थित जर्सी पशु प्रजनन प्रक्षेत्र भोपाल का निरीक्षण किया।



मंत्री श्री पटेल ने निरीक्षण के दौरान प्रक्षेत्र पर उपलब्ध गोवंश के आहार की संरचना के विषय पर चर्चा की। उन्होंने गोवंश के आहार में साइलेज को शामिल करने के निर्देश दिए और कहा कि इससे दुग्ध उत्पादन में हुई बढ़ोतरी का अध्ययन किया जाए। साथ ही हरा चारा और साइलेज को आहार में सम्मिलित करने से दुग्ध उत्पादन में आने वाले वित्तीय भार का आंकलन भी किया जाए। मंत्री श्री पटेल द्वारा निर्देश दिए गए कि अच्छी नस्ल के प्रजनन योग्य सांड सालरिया गो अभयारण्य, आगर मालवा और अन्य गौशालाओं को भेजे जाएं। उन्होंने प्रक्षेत्र के गोबर गैस प्लांट को पुन चालू करने के निर्देश भी दिए। हरा चारा उत्पादन एवं दुग्ध उत्पादन आदि के संबंध में जानकारी भी ली। भ्रमण के दौरान संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ. जी.के. वर्मा एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनता ने विजयपुर में जवाब दिया था अब बीना में भी वही जवाब मिलेगा-जीतू पटवारी

सागर-बीना (आरएनएस)। बीना की विधायक निर्मला सप्रे की विधायकी को लेकर फंसे पेंच के बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार जीतू पटवारी रविवार को यहां पर पहुंचे। जहाँ कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जनता ने लोकतंत्र का चीरहरण करने वालों को विजयपुर में जवाब दिया था, और अब बीना में भी वही जवाब मिलेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जोश और एकजुटता हमारी सबसे बड़ी ताकत है, जो हर चुनौती को पार करने में सक्षम है। अब सिर्फझूठ-लूट ही भाजपा का काम है। नए/पुराने मुख्यमंत्री से लेकर छोटे-बड़े नेता केवल झूठ बोलते हैं और लूट के माल के लिए खुलेआम लड़ते हैं। कांग्रेस इस अराजकता के खिलाफ हर संभव संघर्ष करेगी, निर्णायक लड़ाई लड़ेगी।

गुना । पिछले वर्ष ग्वालियर में आयोजित हुई प्रथम मध्य प्रदेश लीग क्रिकेट टूर्नामेंट की सफलता के बाद आयोजन को और व्यापक बनाने एवं जिले स्तर पर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अब उदयीमान क्रिकेट खिलाड़ियों को

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में उद्योगों का तीव्र गति से विकास हो रहा है -मंत्री काश्यप



भोपाल-(आरएनएस) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चेतन्य कुमार काश्यप ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में उद्योगों का तीव्र गति से विकास किया जा रहा है, इसी श्रृंखला में संभागीय इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किये जा रहे हैं, जिसके अच्छे परिणाम आ रहे हैं। मंत्री श्री काश्यप इंदौर में लघु उद्योग भारती की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में मंत्री श्री कश्यप द्वारा मालवा प्रांत के 15 जिलों से आए उद्यमियों के साथ संवाद किया एवं विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने उद्यमियों के विभिन्न विषयों का समाधान भी किया गया। मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि लघु उद्योग भारती उद्यमिता के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही है। हमें विश्वास है कि सरकार और संस्था मिलकर आगे और भी अच्छे कार्य करेंगे। अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री प्रकाश चंद, उपाध्यक्ष श्री ताराचंद गोयल, प्रदेश अध्यक्ष राजेश मिश्रा, प्रदेश महामंत्री अरुण सोनी सहित बड़ी संख्या में उद्यमी और मालवा के विभिन्न जिलों से 200 से अधिक उद्यमी उपस्थिति रहे।

## मध्यप्रदेश राज्य पशु पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम: धरना दे रहे संविदा कर्मचारी की पत्नी की बिगड़ी तबीयत

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश राज्य पशुपालन कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मचारियों द्वारा वेतन वृद्धि और संविदा नीति लागू करने की माँग को लेकर जारी धरना प्रदर्शन के बीच एक बेहद भावुक और चिंताजनक घटना सामने आई है। धरने में शामिल संविदा कर्मचारी श्री प्रणय सक्सेना (उपयंत्री) की पत्नी श्रीमती भावना सक्सेना, जो अपने छह माह के बच्चे के साथ प्रदर्शन का हिस्सा थीं, की तबीयत अचानक खराब हो गई। श्रीमती भावना सक्सेना को तत्काल बंसल हॉस्पिटल, शाहपुरा ले जाया गया। डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को तनावजनित बताया और उनकी एमआरआई और सीटी स्कैन कराई गई। डॉक्टरों के अनुसार, अत्यधिक मानसिक दबाव के कारण उनके मस्तिष्क का एक हिस्सा सही से काम नहीं कर रहा है। उनका छह माह का बच्चा भी इस ठंड और तनावपूर्ण माहौल में बीमार पड़ गया है। श्री प्रणय सक्सेना ने बताया कि उनकी पत्नी और बच्चा दोनों पिछले तीन दिनों से धरने में उनके साथ थे। वे इस संघर्ष में मानसिक और भावनात्मक रूप से पूरी तरह शामिल थीं। -

# गुरु गोविंद सिंह जी पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है -राज्यमंत्री श्रीमती गौर



भोपाल (आरएनएस) पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र धर्म के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने हमें सिखाया कि धर्म, समाज व राष्ट्र के प्रति हमारी पहले जिम्मेदारी है।

यह बात उन्होंने सोमवार को गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा श्री दशमेश दरबार साहिब, आनंद नगर में कहीं। उन्होंने गुरुद्वारा में मात्था टेका और अरदास की।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि यह पर्व न केवल सिख समुदाय के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत है। गुरु गोविंद सिंह जी की राष्ट्र के प्रति समर्पण की हर जगह चर्चा होती है। उन्हें सिखों के 10वें गुरु के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने धर्म को सशक्त बनाने का काम किया।

# महाविद्यालयों में गुणवत्ता वृद्धि और कक्षाओं में संसाधन के लिए उपलब्ध बजट का उपयोग हो-उच्च शिक्षा मंत्री परमार


भोपाल-(आरएनएस) उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं महाविद्यालयों में गुणवत्ता वृद्धि के लिए आगामी तीन माह की कार्ययोजना बनाकर वास्तविक आवश्यकता अनुरूप उपलब्ध बजट का उपयोग सुनिश्चित करें। मंत्री श्री परमार सोमवार को मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री अनुपम राजन, आयुक्त उच्च शिक्षा श्री निशांत बरबड़े सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।



मंत्री श्री परमार ने कहा कि विद्यार्थियों की परीक्षाएं शासकीय संस्थानों में ही आयोजित की जाएं। उन्होंने परीक्षाओं की सुचिता बनाए रखने के लिए व्यापक कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री परमार ने कहा कि महाविद्यालयों के समग्र विकास में पूर्व विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के भी प्रयास किए जाएं। श्री परमार ने कहा कि समस्त पात्र विद्यार्थियों को विभागीय छात्रवृत्ति योजनाओं से लाभान्वित किए जाने की दिशा में अधिकाधिक प्रयास करें।

उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने विद्यार्थियों के हितों से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट आवंटन, व्यय की स्थिति एवं आगामी वित्तीय वर्ष के बजट के लिए विभागीय तैयारियों की गहन समीक्षा की। श्री परमार ने महाविद्यालयों में प्रयोगशालाओं के उन्नयन एवं मरम्मत आदि कार्यों में आवश्यकतानुरूप उपलब्ध बजट का उपयोग करते हुए महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के समग्र विकास, बेहतर अध्ययन-अध्यापन, शैक्षणिक एवं अकादमिक गुणवत्ता सुधार के लिए महाविद्यालयों में विभिन्न निर्माण एवं सुधार आदि कार्यों को समयावधि पर पूर्ण करने को कहा।

मंत्री श्री परमार ने महाविद्यालयों की प्रवेश क्षमता, प्रवेशित छात्र संख्या एवं उपलब्ध सीटों पर युक्तियुक्तकरण के सम्बन्ध में व्यापक चर्चा कर महाविद्यालय में उपलब्ध अधोसंरचना अनुरूप क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने विधि महाविद्यालयों की स्थिति एवं व्यावसायिक महाविद्यालयों के संचालन की समीक्षा कर उत्तरोत्तर गुणवत्ता वृद्धि के लिए नीतिगत रूप से व्यापक कार्ययोजना बनाने को कहा है। मंत्री श्री परमार ने सत्र 2025-26 में विद्यार्थियों के प्रवेश की तैयारियों की समीक्षा कर, कॉलेज चलो अभियान卐 को सफल बनाने एवं सकल नामांकन अनुपात में उत्तरोत्तर वृद्धि करने के लिए कहा। श्री परमार ने विभागीय गतिविधियों के ऑनलाइन मोड की वर्तमान स्थिति एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।



पूजा हमेशा पूर्व या उत्तर की ओर मुँह करके करनी चाहिये, हो सके तो सुबह 6 से 8 बजे के बीच में करें. पूजा जमीन पर आसन पर बैठकर ही करनी चाहिए, पूजा गृह में सुबह एवं शाम को दीपक,एक घी का और एक तेल का रखें. पूजा अर्चना होने के बाद उसी जगह पर खड़े होकर 3 परिक्रमाएँ करें. पूजाघर में मूर्तियाँ 1 ,3 , 5 , 7 , 9 ,11 इंच तक की होनी चाहिये, इससे बड़ी नहीं तथा खड़े हुए गणेश जी, सरस्वतीजी, लक्ष्मीजी, की मूर्तियाँ घर में नहीं होनी चाहिये. गणेश या देवी की प्रतिमा तीन, तीन शिवलिंग, दो शालिग्राम, दो सूर्य प्रतिमा, दो गोमती चक्र. दो की संख्या में कदापि न रखें.



## निर्वाचन आयोग बिल्कुल बेफिक्र

अपने ताजा कदम से आयोग ने यही पैगाम दिया है कि जिसे जो सोचना हो, सोचता रहे- उसे उसकी कोई परवाह नहीं है। जाहिर है, जिस रेफरी को अपनी निष्पक्ष छवि की परवाह हो, वह ऐसा नजरिया नहीं अपना सकता। भारतीय निर्वाचन आयोग की साख पर पहले से कई सवाल हैं, जिन्हें वह सिरे से नजरअंदाज करता आया है। अब उसके एक ताजा कदम से ये सवाल और गहरे होंगे। इस कदम से आयोग ने यही पैगाम दिया है कि जिसे जो सोचना हो, सोचता रहे- उसे उसकी कोई परवाह नहीं है। जाहिर है, जिस रेफरी को अपनी निष्पक्ष छवि की परवाह हो, वह ऐसा नजरिया नहीं अपना सकता। अब आयोग से यह भी पूछा जाएगा कि वह अपने विवेक से ऐसे निर्णय लेता है, इसके लिए उस पर कोई दबाव है? आखिरकार ऐसे प्रश्नों के साथ भारत में चुनावों की विश्वसनीयता और लोकतंत्र का भविष्य जुड़ा हुआ है।

ताजा मामले में आयोग ने एक नियम को बदल डाला है। नियम यह था कि अदालत ने अगर आदेश दिया, तो आयोग सार्वजनिक निरीक्षण के लिए अपने पास मौजूद सारे दस्तावेज संबंधित याचिकाकर्ता को देगा। इनमें वीडियो फुटेज भी शामिल हैं। अधिवक्ता महमूद प्राचा ने इसी नियम का सहारा लिया। उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में हरियाणा विधानसभा चुनाव से संबंधित वीडियो फुटेज सहित सभी दस्तावेजों की मांग की। हाई कोर्ट ने उनकी गुजारिश मान ली और निर्वाचन आयोग को इन सबको उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके बाद आनन-फानन में आयोग ने वो नियम ही बदल डाला। अब प्रावधान किया गया है कि दस्तावेज के तहत वीडियो फुटेज शामिल नहीं होंगे। कारण यह बताया गया कि मूल नियम में ऐसा प्रावधान नहीं था।

# भारत की राजनीति को भाई-भतीजावाद से मुक्ति कैसे

अजीत द्विवेदी

नए साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक प्रमुख लक्ष्य राजनीति को परिवारवाद से मुक्ति दिलाने का होना चाहिए। उन्होंने बड़ी प्रतिबद्धता के साथ यह लक्ष्य तय किया है। परंतु मुश्किल यह है कि राजनीति की ऊपर से नीचे तक सफाई करने और राजनेताओं के ऊपर लंबित मुकदमों को प्राथमिकता के साथ निपटा कर राजनीति को अपराध मुक्त करने का लक्ष्य भी उन्होंने इतनी ही प्रतिबद्धता के साथ तय किया था।

बनाने के मामले में अव्वल नहीं है तो किसी से पीछे भी नहीं है। तभी राजनीति को परिवारवाद से मुक्त करने की उनकी प्रतिबद्धता को लेकर भी सवाल उठते हैं और ऐसा लगता है कि भाई-भतीजावाद से भारतीय राजनीति को मुक्ति दिलाने से उनका मतलब सिर्फ नेहरू गांधी परिवार या उनके साथ राजनीतिक गठजोड़ करने वाले कुछ अन्य परिवारों को राजनीति में हाशिए पर ले जाना या उनको चुनाव हराना है।

इसके बावजूद अगर नए साल के दूसरे दिन हम इस सवाल पर चर्चा कर रहे हैं कि भारत की राजनीति को भाई-भतीजावाद से मुक्ति कैसे मिलेगी तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के घोषित लक्ष्य के साथ साथ इसका एक दूसरा कारण यह है कि सुप्रीम कोर्ट के नए चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने भारत की शीर्ष न्यायपालिका को परिवारवाद से मुक्ति दिलाने की योजना बनाई है। हालांकि अभी तक इस बारे में आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है लेकिन जो खबर आई है उसके मुताबिक चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा है कि हाई कोर्ट्स और सुप्रीम कोर्ट में ऐसे लोगों को जज नहीं बनाया जाएगा, जिनके परिवार के लोग जज रहे होंगे।

बताया जा रहा है कि उन्होंने हाई कोर्ट्स की कॉलेजियम को निर्देश भेजा है कि वे ऐसे वकीलों के नाम जज के लिए नहीं भेजें, जिनके परिवार के लोग जज रहे हों। उन्होंने यह भी कहा है कि पहली पीढ़ी के वकीलों में जो अच्छा कर रहे हों उनके नाम की सिफारिश की जाए। इसका मतलब है कि उच्च अदालतों की कॉलेजियम से हाई कोर्ट में जज बनने के लिए पहली पीढ़ी के वकीलों या निचली अदालत के पहली पीढ़ी के जजों के नाम की ही सिफारिश की जाएगी। जब चीफ जस्टिस ने उच्च अदालतों की कॉलेजियम को यह निर्देश दिया है तो निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम भी इस सिद्धांत पर काम करेगी और पहली पीढ़ी के वकीलों या उच्च अदालतों के पहली पीढ़ी के जजों के नाम की सिफारिश ही सुप्रीम कोर्ट के जज के लिए करेगी।

यह बहुत बेहतरीन और न्यायपालिका की शुचिता और उसके गौरवशाली भविष्य के प्रति आश्वस्ति दिलाने वाली पहल है। इसके बारे में जानना इसलिए भी बहुत सुखद अनुभूति देने वाला है क्योंकि चीफ जस्टिस संजीव खन्ना खुद ही ऐसे परिवार से आते हैं, जिस परिवार के लोग हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जज रहे हैं। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना के पिता जस्टिस देवराज खन्ना दिल्ली हाई कोर्ट में जज थे और उनके चाचा जस्टिस हंसराज खन्ना सुप्रीम कोर्ट में जज थे।

जस्टिस हंसराज खन्ना अपने जीवन काल में ही लीजेंड बन गए थे। उन्होंने इमरजेंसी के समय एडीएम जबलपुर केस में यह फैसला लिखा था कि कोई भी सरकार या कोई भी कानून किसी व्यक्ति से सम्मान से जीने का अधिकार नहीं छीन सकता है क्योंकि यह अधिकार व्यक्ति को किसी संविधान ने नहीं दिया है, बल्कि संविधान की व्यवस्था के पहले से व्यक्ति इस अधिकार के साथ पैदा होता है।

पांच जजों की बेंच में वे अकेले जज थे, जिन्होंने यह फैसला लिखा था और इसकी कीमत उन्हें चीफ जस्टिस की कुर्सी से महरूम होकर चुकानी पड़ी थी। फैसले से नाराज इंदिरा गांधी ने वरिष्ठता में नंबर दो जज हंसराज खन्ना की बजाय चौथे नंबर के जज एमएच बेग को चीफ जस्टिस बनाया और विरोध में जस्टिस खन्ना ने इस्तीफा दे दिया था। सो, इसे प्रकृति का न्याय कह सकते हैं कि जस्टिस हंसराज खन्ना के भतीजे संजीव खन्ना देश के चीफ जस्टिस बने हैं और उन्होंने यह पहल की है कि जजों के परिजनों के नाम की सिफारिश जजशिप के लिए नहीं की जाएगी।

उन्होंने एक दूसरी पहल भी है कि और वह भी बहुत शानदार है। बताया जा रहा है कि उन्होंने तय किया है कि हाई कोर्ट्स या सुप्रीम कोर्ट में जज के लिए किसी के नाम की सिफारिश करने से पहले कॉलेजियम उससे मिलेंगे और बात करेंगे। जिसे जज बनाया जाना है उससे मिलना और उसके विचारों को समझने का प्रयास करना एक बेहद जरूरी पहल है, जो चीफ जस्टिस संजीव खन्ना करते दिख रहे हैं।

ध्यान रहे पिछले कुछ समय से देश की उच्च न्यायपालिका की इस बात के लिए आलोचना होती रही है कि जजों की नियुक्ति और तबादले के लिए कॉलेजियम की व्यवस्था इसलिए बनाए रखी गई है

# आदमी अब घर से बाहर क्या खाएं?

आज लोगों का घर से निकलना, घूमना, यात्र करना, विभागीय कार्य से बाहर जाना आम बात है। इन लोगों को ऐसे में घर से बाहर ढ़ाबों, होटल और फास्ट फूड सैंटर से ही पेट भरना होता है। बाजार में नकली दूध पनीर की पहले ही शिकायत रही हैं।

हाल में खबर आई है कि आगरा में 18 प्रसिद्ध और बड़ी कंपनियों के नाम से नकली घी तैयार हो रहा था। तैयार घी की पूरे यूपी समेत कई प्रदेशों में सप्लाई होती थी। इस घी से बाजार में फास्ट फूड तैयार होते हैं। पहले भी समय-समय पर नकली घी पकड़ा जाता रहा है। बाजार में पनीर, दूध, मावा और अन्य खाद्य पदार्थ के नकली होने की शिकायतें मिलती रहती हैं। आटा, दाल और अन्य खाद्य सामान भी घटिया क्वालिटी का पकड़ा जाता रहा है। पिछले कुछ समय से खाने या पानी में थूकने, पेशाब करने, खाने के बर्तन को नाली के पानी में धोने की शिकायते रहीं हैं। ऐसे में प्रश्न पैदा होता है कि आदमी घर से बाहर अब क्या खाएं? सफर में पेट भरने के लिए आदमी क्या करें? क्या हमें पुरानी स्थिति पर जाना होगा, जब आदमी घर से ही खाना लेकर चलता था। घर का खाना खत्म होने पर फल खाकर काम चलाता था, किंतु बाजार का नहीं खाता था। या अब उसे घर से बड़ी कंपनियों के रेटीमेड फूट पैकेट लेकर चलने होंगे? आगरा के ताजगंज के मारुति सिटी रोड पर नवविकसित कॉलोनी के प्लॉट में नकली देसी घी तैयार करके पूरे प्रदेश में सप्लाई किया जा रहा था। पुलिस और एसओजी की टीम ने छापा मारकर अमूल, मधुसूदन, पतंजलि सहित 18 मशहूर ब्रांडों के नाम की पैकिंग में नकली देसी घी जब्त किया है। इसमें रिफाइंड व अन्य कैमिकल की मिलावट की जा रही थी। फैक्टरी के मैनेजर सहित पांच लोग गिरफ्तार किए हैं।

## डिफेंस कॉरिडोर, बीडा और फार्मा पार्क के जरिये बुंदेलखंड बन जाएगा इंडस्ट्रीज का हब

योगी सरकार ने बुंदेलखंड के कायाकल्प की एक और पहल की है। इस पहल के तहत सरकार झांसी एवं जालौन को जोड़ने वाले एक और लिंक एक्सप्रेसवे बनाएगी। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे से जोड़ने की पहल सरकार पहले ही कर चुकी है। साल 2024 के जाते झांसी-जालौन लिंक एक्सप्रेसवे की सौगात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संकल्पना के अनुसार बुंदेलखंड के कायाकल्प का एक और जरिया बनेगी।

झांसी-जालौन लिंक एक्सप्रेसवे की लंबाई करीब 115 किलोमीटर होगी। इससे डिफेंस कॉरिडोर का औद्योगिक इको सिस्टम और बूस्ट करेगा। साथ ही सरकार द्वारा झांसी और कानपुर के बीच नोएडा से भी बड़ा, झांसी के 33 गांवों को मिलाकर 36 हजार एकड़ में बनने वाले औद्योगिक शहर में भी निवेशकों का आकर्षण बढ़ेगा। इसके लिए सरकार बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के गठन का काम भी शुरू कर चुकी है। इन सबका लाभ सीधी और स्पीडी कनेक्टिविटी मिलने से लखनऊ, कानपुर, आगरा, चित्रकूट और झांसी के डिफेंस कॉरिडोर के नोड को मिलेगा।

इसी तरह 15.2 किलोमीटर वाले चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जुड़ जाने के बाद चित्रकूट के पर्यटन और इस नोड में स्थापित होने वाली डिफेंस कॉरिडोर की इकाइयों को भी खासा फायदा मिलेगा।

मालूम हो कि चित्रकूट ही वह क्षेत्र है जहां वनवास के दौरान भगवान श्रीराम ने सीता और लक्ष्मण सहित सर्वाधिक समय गुजारा था। यहीं भरत उनको मनाने भी आए थे। ऐसे में इसका अच्छा खासा धार्मिक महत्व है। भगवान श्रीराम से जुड़े स्थलों को देखने बड़ी संख्या में यहां श्रद्धालु आते हैं। सरकार चित्रकूट के विकास के साथ इसे एयरपोर्ट से भी जोड़ चुकी। अब सड़क कनेक्टिविटी ठीक होने से चित्रकूट में पर्यटकों की आवाजाही और बढ़ेगी। इसका भी लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा। सुदृढ़ कनेक्टिविटी से ललितपुर में दो चरणों में करीब 1500 एकड़ में बन रहे फार्मा पार्क में भी औद्योगिक माहौल तेजी से बनेगा। इस पर तो तेजी से काम भी शुरू हो चुका है। इस बाबत जिन गांवों की जमीनों को चिन्हित किया गया था उनमें से करीब 70 फीसद का अधिग्रहण हो चुका है। करीब 1300 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला झांसी-जालौन लिंक एक्सप्रेसवे शुरू में चार लेन का होगा। भविष्य में इसे छह लेन तक विकसित किया जा सकेगा। इसमें जमीन अधिग्रहण की ही अनुमानित लागत 228 करोड़ रुपये है। सरकार इस बाबत दो किश्तों में 220 करोड़ रुपये मंजूर भी कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश का बुंदेलखंड और पूर्वांचल विकास की दौड़ में पीछे रह गए थे। इन दोनों क्षेत्रों का विकास योगी सरकार की प्राथमिकता है। इन दोनों क्षेत्रों के औद्योगिक विकास के लिए सरकार ने विशेष औद्योगिक प्रोत्साहन नीति लागू कर रखी है। इसी नाते हर योजना में जरूरत के अनुसार सरकार इन दोनों क्षेत्रों को तरजीह देती है। मसलन खेतीबाड़ी के लिए यूपी एग्रीज योजना में भी बुंदेलखंड एवं पूर्वांचल के जिले ही शामिल हैं।

## भ्रष्टाचार की दुर्गंध महसूस

समझा जा सकता है कि पब्लिक- प्राइवेट पार्टनरशिप के आधार पर बनीं सड़कों का कैसा अनुचित बोझ सड़क यूजर्स पर डाला गया गया है। अगर अतार्किक फॉर्मूले को अधिकारियों ने मंजूरी दी, तो क्या इसमें भ्रष्टाचार की दुर्गंध महसूस नहीं की जानी चाहिए?

दिल्ली- नोएडा डायरेक्ट (डीएनडी) मार्ग पर टॉल वसूली में घपले पर सीएजी की रिपोर्ट और उस आधार पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक मिसाल है। ऐसे मामले देश में कहां-कहां और कितनी संख्या में होंगे, इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता है। इस मार्ग पर प्राइवेट फर्म- नोएडा टॉल ब्रिज कंपनी लिमिटेड (एनटीबीसीएल) के टॉल वसूलने पर 2016 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने रोक लगाई थी। इसके पहले सीएजी रिपोर्ट से टॉल तय करने में बड़ी गड़बड़ी का खुलासा हुआ था। बीते हफ्ते सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। उसने एनटीबीसीएल के साथ-साथ नोएडा प्रशासन के खिलाफ भी कड़ी टिप्पणियां कीं।

सुप्रीम कोर्ट ने जिन गड़बडियों की ओर ध्यान दिलाया, उनमें शामिल है- एनटीबीसीएल ने अपने अधिकारियों की अत्यधिक तनख्वाह, भत्तों आदि को पुल निर्माण लागत में जोड़ा।

## हम किसी क्रांति की कसौटी पर खरे नहीं उतरे

अजीत द्विवेदी

इक्कीसवीं सदी का 25वां साल शुरू हो गया। सबको बधाई! मंगल शुभकामनाएं! वर्ष 2025 समाप्त होगा तो यह सदी एक चौथाई गुजर चुकी होगी। इतिहास में इस बात का कोई प्रमाण नहीं मिलता है कि धरती के इंसानों ने किसी और सदी का इतना इंतजार किया हो। सदियां आती थीं और चली जाती थीं। परंतु 21वीं सदी की प्रतीक्षा और उसके लिए तैयारियां बहुत पहले शुरू हो गई थी। भारत में 1984 में जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने तब उन्होंने और उनके सहयोगियों ने कहा कि वे भारत को 21वीं सदी में ले जाने के लिए तैयार कर रहे हैं। पिछले दिनों जब पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह गुजरे तो कहा गया कि 1991 में जब वे वित्त मंत्री बने थे तब उन्होंने भारत को ज्यादा मजबूती के साथ 21वीं सदी में जाने के लिए तैयार किया। अटल बिहारी वाजपेयी के बारे में भी कहा जाता है कि 1998 में प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने भारत को 21वीं सदी की चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम बनाया। मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सदी की चुनौतियों से आगे सहस्राब्दी यानी अगले एक हजार साल की बात कर रहे हैं और भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए काम कर रहे हैं। सवाल है कि क्या 21वीं सदी के इस मुकाम पर भारत वही है, जो संचार क्रांति के जरिए राजीव गांधी या अर्थ क्रांति के जरिए मनमोहन सिंह या परमाणु परीक्षण और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के जरिए अटल बिहारी वाजपेयी बनाना चाहते थे और क्या नरेंद्र मोदी के अमृत काल की नीतियां भारत को इस सहस्राब्दी में सबसे महान बना देंगी? बहुत गहरे अतीत और विस्तृत भविष्य के प्रिज्म में इन सवालों को देखेंगे तो उसका दायरा बहुत बड़ा हो जाएगा। तब भी आकलन का आधार यही होना चाहिए कि अलग अलग प्रधानमंत्रियों ने भारत को जिस चीज के लिए तैयार किया उसे हम हासिल कर पाए या नहीं। इसी आधार पर यह आकलन किया जा सकता है कि भारत किस मुकाम पर है और यहां से इसका आगे का सफर कैसा हो सकता है। यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि भारत को 21वीं सदी में लाने की जितनी तैयारियां हुई थीं उसके अनुपात में हम बहुत कुछ हासिल नहीं कर पाए। संचार क्रांति की तमाम चर्चाओं के बावजूद हम उस क्रांति के वाहक नहीं बन सके। हम उस क्रांति से पैदा हुए उत्पादों के उपयोक्ता भर हैं। सोचें, पिछले साल की संचार क्रांति पर! पूरी दुनिया आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआई की उपलब्धियों से चमत्कृत है लेकिन इस क्रांति में भारत कहां है? भारत में एआई के इस्तेमाल से ठगी की जा रही है और नेता बाबा साहेब अंबेडकर की तस्वीर एआई से जेनरेट करके अपने को आशीर्वाद दिलवा रहे हैं ताकि चुनाव में दलित वोट हासिल कर सकें।

## हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए मंत्र

1- ? नमो हनुमते पाहि पाहि एहि एहि सर्वभूतानां डाकिनी शाकिनीनां सर्वविषयान आकर्षय आकर्षय मर्दय मर्दय छेदय छेदय अपमृत्यु प्रभूतमृत्यु शोषय शोषय ज्वल प्रज्वल भूतमंडलपिशाचमंडल निरसनाय भूतज्वर प्रेतज्वर चातुर्थिकज्वर माहेशऽवरज्वर छिंधि छिंधि भिन्दि भिन्दि अक्षि शूल कक्षि शूल शिरोभ्यंतर शूल गुल्म शूल पित्त शूल ब्रह्मराक्षस शूल प्रबल नागकुलविषंनिर्विषं कुरु कुरु स्वाहा। 2- ? ह्रौं हस्फ्रें ख्फ्रें हस्त्रौं हस्ख्फ्रें हसौं हनुमते नमः। इस मंत्र को 21 दिनों तक बारह हजार जप प्रतिदिन करें फिर दही, दूध और घी मिलाते हुए धान का दशांश आहुति दें । यह मंत्र सिद्ध होकर पूर्ण सफलता देता है।

3- ? दक्षिणमुखाय पञ्चमुखहनुमते कराल वदनाय नरसिंहाय, ? ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः सकल भूत-प्रेतदमनाय स्वाहा।

(जप संख्या दस हजार, हवन अष्टगंध से)

4- ? हरिमर्कट वामकरे परिमुञ्चति मुञ्चति श्रृंखलिकाम्।

इस मन्त्र को दाँये हाथ पर बाँये हाथ से लिखकर मिटा दे और 108 बार इसका जप करें प्रतिदिन 21 दिन तक। लाभ- बन्धन-मुक्ति।

## भारत में कुम्भ मेले की जड़ें सहस्त्राब्दियों वर्ष पुरानी

अशोक प्रवृद्ध

ऐतिहासिक विवरणियों के अनुसार भारत में कुम्भ मेले की जड़ें सहस्त्राब्दियों वर्ष पुरानी हैं, जिसका प्रारंभिक उल्लेख वैदिक, पौराणिक ग्रंथों तथा चौथी शताब्दी ईसा पूर्व से छठी शताब्दी ईस्वी में भारत के शासक रहे मौर्य और गुप्त काल के दौरान मिलता है। तीर्थराज प्रयाग पवित्र स्थलों में सबसे ऊपर माना जाता है। पवित्रता के प्रतीक के रूप में मान्यता प्राप्त गंगा नदी को पुण्यदायिनी कहा जाता है। पुण्य व धार्मिकता की दाता गंगा भक्ति की प्रतीकात्मक यमुना नदी से मिलती है, जिनसे अदृश्य स्वरूपिनी ज्ञान की प्रतीक सरस्वती मिलती है।

भारत में पवित्र नदियों के किनारे अवस्थित चार स्थानों ङ्क हरिद्वार, उज्जैन, नासिक और प्रयागराज में कुम्भ (कुंभ) मेला का पवित्र आयोजन सदियों से होता रहा है।

खगोलीय गणनानुसार यह मेला मकर संक्रान्ति के दिन प्रारंभ होता है, जब सूर्य और चंद्रमा वृश्चिक राशि में और वृहस्पति, मेष राशि में प्रवेश करते हैं।

यह समय आंतरिक रूप से आध्यात्मिक स्वच्छता और आत्मज्ञान के लिए शुभ अवधि का संकेत माना जाता है।

हरिद्वार, उज्जैन, नासिक और प्रयागराज में से प्रत्येक स्थान पर प्रत्येक 12 वें वर्ष तथा प्रयाग में दो कुम्भ पर्वों के बीच छह वर्ष के अंतराल में अर्द्धकुम्भ का आयोजन भी होता है।

भारतीय संस्कृति में प्रयागराज में अवस्थित गंगा, यमुना और पौराणिक गुप्त सरस्वती के संगम स्थल को अत्यंत पवित्र, धार्मिक व आध्यात्मिक महत्व का प्रतीक माना जाता रहा है।

कुम्भ मेले के अवसर पर इस संगम स्थल में आयोजित होने वाले कुम्भ पर्व में करोड़ों श्रद्धालु एकत्र होते हैं और नदी में स्नान करते हैं, धार्मिक आयोजनों व आध्यात्मिक प्रवचनों में भाग लेते हैं।

वर्ष 2013 का कुम्भ प्रयाग में हुआ था। फिर 2019 में प्रयाग में अर्द्धकुम्भ मेले का आयोजन हुआ था। अब 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयाग में महाकुम्भ का आयोजन होगा। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारी की गई है।

ऐतिहासिक विवरणियों के अनुसार भारत में कुम्भ मेले की जड़ें सहस्त्राब्दियों वर्ष पुरानी हैं, जिसका प्रारंभिक उल्लेख वैदिक, पौराणिक ग्रंथों तथा चौथी शताब्दी ईसा पूर्व से छठी शताब्दी ईस्वी में भारत के शासक रहे मौर्य और गुप्त काल के दौरान मिलता है।

इसमें पूरे भारतीय उपमहाद्वीप से तीर्थयात्री आते थे। गुप्तकाल के शासकों ने प्रतिष्ठित धार्मिक मंडली के रूप में इसकी स्थिति को और अधिक महत्व प्रदान किया।

मध्य काल में कुम्भ मेले को विभिन्न शाही राजवंशों से संरक्षण प्राप्त हुआ, जिनमें दक्षिण में चोल और विजयनगर साम्राज्य, उत्तर में दिल्ली सल्तनत, राजपूत व मुगल मुगल शासकों का संरक्षण मिला।

कहा जाता है कि अकबर ने भी धार्मिक सहिष्णुता की भावना को दर्शाते हुए कुम्भ समारोहों में भाग लिया था।

ब्रिटिश प्रशासकों ने इस उत्सव को देखकर इसके विशाल पैमाने और इसमें आने वाले लोगों के विविध सभाओं में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं वृहत संख्या को देख आश्चर्यचकित होकर इसका दस्तावेजीकरण किया।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद आवागमन के साधनों के विकसित होने से महाकुम्भ मेले को और भी अधिक महत्व प्राप्त हुआ, जो राष्ट्रीय एकता और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।

यूनेस्को द्वारा 2017 में कुम्भ को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता प्राप्त है।

कुम्भ का शाब्दिक अर्थ घड़ा, सुराही, बर्तन है। पौराणिक ग्रंथों में इसका वर्णन जल अथवा अमरता अर्थात अमृत के लिए किया गया है।

मेला शब्द का अर्थ है- किसी एक स्थान पर मिलना, एक साथ चलना, सभा में अथवा फिर विशेष रूप से सामुदायिक उत्सव में उपस्थित होना।

इस प्रकार, कुम्भ मेले का अर्थ है - अमरत्व का मेला। ज्योतिष व खगोलीय गणनाओं के अनुसार कुम्भ मेला मकर संक्रान्ति के दिन प्रारंभ होता है, जब सूर्य और चन्द्रमा, वृश्चिक राशि में और वृहस्पति, मेष राशि में प्रवेश करते हैं।

मकर संक्रान्ति के होने वाले इस योग को कुम्भ स्नानयोग कहते हैं और इस दिन को विशेष मंगलकारी माना जाता है।

ऐसी मान्यता है कि इस दिन पृथ्वी से उच्च लोकों के द्वार खुलते हैं और इस प्रकार इस दिन स्नान करने से आत्मा को उच्च लोकों की प्राप्ति सहजता से हो जाती है। यहाँ स्नान करना साक्षात स्वर्ग दर्शन माना जाता है। भारतीय संस्कृति व हिन्दू धर्म में कुम्भ का अत्यधिक महत्व माना जाता है।

पौराणिक मान्यताओं व ज्योतिषिय गणनानुसार कुम्भ का असाधारण महत्व बृहस्पति के कुम्भ राशि में प्रवेश तथा सूर्य के मेष राशि में प्रवेश के साथ जुड़ा है।

ग्रहों की स्थिति हरिद्वार से बहती गंगा के किनारे पर स्थित हर की पौड़ी स्थान पर गंगा जल को औषधिकृत करती है तथा उन दिनों यह अमृतमय हो जाती है।

यही कारण है ?कि अपनी अंतरात्मा की शुद्धि हेतु पवित्र स्नान करने लाखों श्रद्धालु यहाँ आते हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से अर्ध कुम्भ के काल में ग्रहों की स्थिति एकाग्रता तथा ध्यान साधना के लिए उत्कृष्ट होती है।

यही कारण है कि ऐसे अवसरों पर यहाँ अर्ध कुम्भ तथा कुम्भ मेले के लिए आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों की संख्या सर्वाधिक होती है।

कुम्भ पर्वायोजन को लेकर अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं, जिनमें से एक सर्वाधिक मान्य कथा देवता व दानवों के सामूहिक प्रयत्न से संपादित समुद्र मंथन से प्राप्त अमृत कुम्भ से अमृत बूँदें गिरने से संबंधित है। इस पौराणिक कथा के अनुसार महर्षि दुर्वासा के शाप के कारण इन्द्र और अन्य देवता श्रीहीन हो गए। देवताओं के कमजोर हो जाने पर दैत्यों ने देवताओं पर आक्रमण कर उन्हें परास्त कर दिया। तब सब देवता मिलकर भगवान विष्णु के पास गए और उन्हें सारा वृतान्त सुनाया। तब भगवान विष्णु ने उन्हे दैत्यों के साथ मिलकर क्षीरसागर का मंथन करके अमृत निकालने की सलाह दी।

भगवान विष्णु के सलाह पर सभी देवता दैत्यों के साथ सन्धि करके अमृत निकालने के यत्न में लग गए।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा । आज आपको अपने कार्यक्षेत्र के सकारात्मक माहौल में काम करने को मिलेगा। कलीग्स के साथ आपके रिश्ते अच्छे रहेंगे। आज आप नया काम शुरू करेंगे ।

वृष राशि-आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां देखने को मिलेंगी। बहुत समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा। आप अपने मित्रों के साथ आनंदपूर्वक दिन बिताएंगे।

मिथुन राशि- आज आपका दिन मंगलमय रहेगा। आपको अपनी नौकरी में उत्तम परिणाम देखने को मिलेंगे। आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। कार्यस्थल पर विरोधी कुछ मुश्किलें खड़ी करेंगे ।

कर्क राशि- आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। आपको आज खुशखबरी मिलेगी। नौकरी में प्रमोशन की आपकी प्रतीक्षा समाप्त होगी। नई पोस्ट पर काम का दबाव बढ़ेगा। आप पूरी सावधानी से काम करेंगे।

सिंह राशि- आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। अनेक साधनों से आर्थिक लाभ होने के संभावना है। संतान की ओर से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

कन्या राशि- आज आपका दिन खास रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। नौकरी में काम का बोझ बढ़ सकता है, जिससे आप परिवार को समय नहीं दे पाएंगे।

तुला राशि- आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आप अपने निजी जीवन में चली आ रही परेशानियों को खत्म करने में कामयाब रहेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी ।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन बदलाव लाने वाला है। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। आप लोगों की मदद करने के लिए समय निकालेंगे। इस दौरान कुछ स्वास्थ्य समस्या हो सकती है।

धनु राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपके रुके हुए काम पूरेहोंगे। जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, और पूरे मनोबल के साथ आप कार्यक्षेत्र में अपने कार्यों को पूरा करेंगे। नौकरी में ट्रांसफर के योग हैं।

मकर राशि- आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपकी नये लोगों से मुलाकात होगी। आपके निजी प्रयासों से उत्तम सफलता मिलेगी। आपके लिए अचानक धन लाभ की संभावना बनेगी।

कुंभ राशि- आज आपका दिन रोज से बेहतर रहेगा। आप अपनी नौकरी बदलने का प्रयास करेंगे। इसमें आपको सफलता मिलने की संभावना है। आपकी सैलरी में वृद्धि होगी।

मीन राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको दोस्तों के साथ समय बिताने के अनेक मौके मिलेंगे। रिश्तेदारों के साथ छोटी मोटी यात्रा



राष्ट्रीय जनता दल ( राजद ) नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कैमूर में अपनी कार्यकर्ता संवाद यात्रा के तहत 2025 के विधानसभा चुनाव में सत्ता में आने पर उपभोक्ताओं को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया। उन्होंने कहा कि हम हर घर को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली देंगे। हम वरिष्ठ नागरिकों के लिए पेंशन बढ़ाकर 1500 रुपये प्रति माह करेंगे। हमने 5 लाख लोगों को रोजगार दिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह मेरा वादा है, जो राजद के सत्ता में आने पर पूरा किया जाएगा।

जबलपुर दिन बुधवार 08 जनवरी 2025

दैनिक क्षितिज किरण 

# प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री आतिशी के निकले आंसू, कहा- रमेश बिधूड़ी मेरे बुजुर्ग पिता को दे रहे हैं गालियां

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर लगातार जारी है। इसी बीच दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रोते हुए रमेश बिधूड़ी पर आरोप लगाया कि वह उनके बुजुर्ग पिता को लगातार गालियां दे रहे हैं और वोट मांग रहे हैं। उन्हें दिल्ली की जनता कभी माफ नहीं करेगी।

आतिशी प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते-बोलते भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी उनके पिताजी को गालियां देकर दिल्ली की जनता का अपमान कर रहे हैं। बिधूड़ी जी अपने काम के आधार पर वोट मांगें, वह मेरे बुजुर्ग पिताजी को गालियां देकर क्यों वोट मांग रहे हैं?

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मीडिया से बातचीत के दौरान अचानक कैमरे के सामने रोने लगीं। आतिशी की भावुक तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आतिशी से सवाल पूछा गया कि कालकाजी से भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने उन पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। यह सवाल सुनने के बाद आतिशी की आंखों में आंसू आ गए। आतिशी ने रोते हुए चुप्पी साध ली। कुछ देर बाद आतिशी ने खुद को संभाला और फिर रमेश बिधूड़ी पर पलटवार किया। आतिशी ने कहा कि मेरे पिता काफी बुजुर्ग हो गए हैं। वह चल फिर नहीं पाते। मैं रमेश बिधूड़ी जी को कहना चाहूंगी कि मेरे पिताजी जिंदगी भर शिक्षक रहे। उन्होंने दिल्ली के गरीब और लोअर मिडल क्लास से आने वाले हजारों बच्चों को पढ़ाया है। आज वो 80 साल के हो गए हैं। इसके बाद आतिशी रोने लगीं और उन्होंने अपने आप को संभाला। फिर कहा कि वह इतने बीमार रहते हैं कि बिना सहारे के चल नहीं पाते हैं।

उन्होंने कहा कि आप चुनाव के लिए इतनी घटिया हरकत करेंगे कि बुजुर्गों को गालियां देने पर उतर आएंगे। इस देश की राजनीति इतनी घटिया स्तर पर गिर सकती है। मैं यह सोच नहीं सकती।

उन्होंने कहा कि रमेश बिधूड़ी जी खुद दक्षिण दिल्ली से 10 साल सांसद रहे। वह बताएं कि कालकाजी के लोगों को, उन्होंने इस इलाके के लिए क्या किया। वह जनता से कहें कि उनके 10 साल का काम मेरे 5 साल के काम से ज्यादा अच्छा था।

उन्होंने कहा कि अगर मैंने 100 सीसीटीवी लगाए तो वो बताएं कि उन्होंने 1,000 सीसीटीवी लगवाए हैं। वह अपने किए हुए कामों को लेकर जनता से वोट मांगें। वह उनके बुजुर्ग पिता पर निशाना साध रहे हैं और उनको गालियां देते हुए वोट मांग रहे हैं।

### झारखंड में कांग्रेस कोटे के मंत्री बारी-बारी से लगा रहे जनता दरबार, सुन रहे लोगों की समस्याएं

रांची (आरएनएस)। झारखंड में कांग्रेस ने पब्लिक से सीधे कनेक्ट होने के लिए 'जनता दरबार' का कार्यक्रम शुरू किया है। सरकार में शामिल कांग्रेस कोटे के चारों मंत्री बारी-बारी से जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उनके निराकरण की दिशा में पहल करेंगे। इसी कड़ी में सोमवार को ग्रामीण विकास विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने रांची स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आम लोगों की शिकायतें और समस्याएं सुनीं।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि मंत्री के समक्ष 20 लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से बात कर समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। जनता दरबार में तीन लोगों ने राज्य सरकार की अबुआ आवास योजना की किस्त न मिलने की शिकायत की। इसी तरह आवास आवंटन को लेकर तीन और जमीन से जुड़े विवाद को लेकर दो लोगों ने अपनी बात रखी। आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजा भुगतान, सड़क और नाली के निर्माण, स्कूलों में नामांकन और एक गुमशुदा व्यक्ति की तलाश से जुड़े मामले भी जनता दरबार में रखे गए।



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी और जेएमएम विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन के साथ झारखंड के रांची के नामकुम में माईयन सम्मान योजना कार्यक्रम में शामिल हुए।



दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर में मिशन से लौट रहे संयुक्त ऑपरेशन दल को बीजापुर जिले के कुटरू क्षेत्र के अंबेली गांव के पास माओवादियों ने आईईडी विस्फोट कर निशाना बनाया। विस्फोट में

# जनता की अनदेखी कर 'शीशमहल' बनवाया, दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले 'सामना' में केजरीवाल पर कड़ी टिप्पणी

मुंबई (आरएनएस)। शिवसेना (यूबीटी) ने अपने संपादकीय 'सामान' में दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। 'सामना' में कहा गया है कि केजरीवाल ने दिल्ली की जनता के हितों पर कुठाराघात किया है। केजरीवाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए जनता के हितों की अनदेखी करते हुए अपने लिए करोड़ों का शीशमहल बनवा लिया, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

'सामना' में कहा गया है कि केजरीवाल सरकार अपने वादों को पूरा करने में विफल साबित हुई। उन्होंने दिल्ली की जनता को जो सुविधाएं देने का दावा और वादा मुख्यमंत्री की कुर्सी पर काबिज होने से पहले किया था। बड़े अफसोस की बात है कि वो उन दावों और वादों को पूरा करने में विफल साबित हुए और दिल्ली की जनता यह सबकुछ देख रही है। इतना ही नहीं, 'सामना' के संपादकीय में दिल्ली के विधानसभा चुनाव की तुलना मौत से की गई है। कहा गया है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव अब दोनों पार्टियों के लिए जिंदगी और मौत का खेल बन चुका है। ऐसी स्थिति में यह देखना दिलचस्प रहेगा कि दिल्ली की राजनीति की दिशा व दशा कैसी रहती है।

'सामना' ने अपने संपादकीय में कहा है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने मिलकर लड़ा था। लेकिन, अब दिल्ली का विधानसभा चुनाव दोनों ही पार्टियां फ्रीस्टाइल कुश्ती के तौर पर लड़ रही है।

बता दें कि फरवरी में दिल्ली विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। ऐसे में अभी से ही दोनों पार्टियां चुनाव प्रचार में जुट गई है। दिल्ली की राजनीति में मुख्य मुकाबला सत्ताधारी दल आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच माना जा रहा है।

बता दें कि इससे पहले उद्धव ठाकरे गुट के शिवसेना ने अपने संपादकीय 'सामना' में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की तारीफ करके प्रदेश की राजनीतिक में कई बड़े संकेत दे दिए थे।

'सामना' ने अपने संपादकीय में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कई कार्यों का उल्लेख कर उनकी तारीफ की थी।

सामना ने अपने लेख में लिखा था कि नए साल की शुरुआत में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गढ़चिरौली जिले को विकास की नई दिशा देने का संकल्प लिया। जब बाकी मंत्रिमंडल के मंत्री विशेष जिलों और मलाईदार महकमों की तलाश में थे, मुख्यमंत्री फडणवीस ने गढ़चिरौली का दौरा किया और वहां कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया था।

सामना में आगे कहा गया था कि मुख्यमंत्री ने इस दौरान गढ़चिरौली के विकास के नए युग की शुरुआत की बात कही। मुख्यमंत्री का कहना था कि अगर यह विकास योजनाएं सफल होती हैं, तो यह न केवल गढ़चिरौली, बल्कि पूरे महाराष्ट्र के लिए एक सकारात्मक कदम होगा। विशेष रूप से गढ़चिरौली के गरीब आदिवासी समुदाय के लिए यह एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है।

## कंपनी चलाना एक और बात है और राजनीति करना अलग : नीरज कुमार

पटना (आरएनएस)। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर को आमरण अनशन स्थल से पुलिस के हिरासत में लिए जाने के बाद जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने तंज कसते हुए कहा कि बीपीएससी अभ्यर्थी पहले ही प्रशांत किशोर को नकार कर पुनर्परीक्षा में शामिल हो गए थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कंपनी चलाना एक और बात है और राजनीति करना अलग बात है।जदयू नेता ने एक वीडियो बयान जारी करते हुए कहा कि प्रतिबंधित क्षेत्र में आमरण अनशन उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना है। जिला प्रशासन के कई बार के आग्रह के बाद भी वह अपने प्रचार के लिए अनशन पर बैठे रहे।

जदयू नेता ने इसे राजनीतिक नौटंकी बताया। उन्होंने प्रशांत किशोर को नसीहत देते हुए कहा कि राजनीति आपके बूते के बाहर की चीज है। आप लोग वैनिटी वैन में वास करने वाले लोग हैं। ऐसे लोगों को आम आवाम भी पहचानती है।

उल्लेखनीय है कि प्रशांत किशोर पटना के गांधी मैदान पर अपनी पांच सूत्री मांग को लेकर पिछले पांच दिनों से आमरण अनशन पर बैठे थे। पुलिस ने पहले ही अनशन को गैरकानूनी बताया था। सोमवार को सुबह पुलिस गांधी मैदान पहुंची और प्रशांत किशोर को हिरासत में ले लिया।




केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 के संबंध में नई दिल्ली में बुनियादी ढांचे, ऊर्जा और शहरी क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ नौवें बजट-पूर्व परामर्श की अध्यक्षता की.

## भारत माता की जय' का विरोध करना शिक्षक को पड़ा महंगा, विभाग ने लिया बड़ा एक्शन

बांका (आरएनएस)। बिहार के बांका जिला के एक सरकारी स्कूल के शिक्षक पर कई तरह के गंभीर प्रकृति के आरोपों की शिकायत पाए जाने पर उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसमें भारत माता की जय बोलने पर टीका-टिप्पणी करना भी शामिल है। इसको लेकर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा पत्र भी जारी कर दिया है। दरअसल, संजय गांधी बालिका उच्च विद्यालय विश्वासपुर, अमरपुर के विशिष्ट शिक्षक मोहम्मद हसन रजा पर विद्यालय कार्यकाल में अध्ययनरत बच्चों के पढ़ाई करने के लिए दिए गए उपस्कर पर गहरी नींद में सोने, कुर्सी पर बैठे हुए सोने तथा बिहार राज्य प्रार्थना गीत करवाने में बाधा पहुंचाने, पोषक क्षेत्र के बाहरी बच्चों को विद्यालय में कबड्डी खिलाने तथा राष्ट्रगान के उपरांत भारत माता की जय बोलने पर टीका-टिप्पणी करने संबंधित गंभीर प्रकृति के आरोपों की शिकायत प्राप्त हुई। इसके बाद विभिन्न तिथियों में कई बार विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण भी विभाग द्वारा किया गया तथा निरीक्षण के क्रम में शिक्षक मोहम्मद राजा के द्वारा जानबूझकर अवज्ञा एवं अनुशासनहीनता सहित विद्यालय कार्यकाल में अपने पदीय दायित्व का निर्वहन नहीं कर शैक्षणिक कार्य में असहयोगात्मक रवैया रखने का तथ्य परिलक्षित हुआ।

## तमिलनाडु : राज्यपाल ने जताई विधानसभा में राष्ट्रगान के तिरस्कार पर आपत्ति

चेन्नई (आरएनएस)। तमिलनाडु विधानसभा में सोमवार को राज्यपाल आर.एन रवि राष्ट्रगान और संविधान का तिरस्कार किए जाने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए बाहर चले गए। इस बारे में राज्यपाल कार्यालय ने सोशल मीडिया पर अपने एक्स हैंडल पर जानकारी दी।

राज्यपाल ने जताई तमिलनाडु विधानसभा में राष्ट्रगान के तिरस्कार पर आपत्ति राज्यपाल के आधिकारिक एक्स हैंडल पर कहा गया कि तमिलनाडु विधानसभा में आज एक बार फिर संविधान और राष्ट्रगान का अपमान किया गया। विधानसभा में राज्यपाल के आने पर केवल तमिल थाई वा थु गाया गया, जबकि संविधान में राष्ट्रगान का सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य है।

एक्स पर आगे कहा गया कि राज्यपाल ने इस पर आपत्ति जताते हुए सदन को उसके संवैधानिक कर्तव्य की याद दिलाई और मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष से राष्ट्रगान गाने का अनुरोध किया। लेकिन, उनके आग्रह को नजरअंदाज करते हुए राज्य सरकार ने राष्ट्रगान गाने से इनकार कर दिया। इस अपमानजनक घटना के कारण राज्यपाल ने गहरी नाराजगी जताते हुए सदन को छोड़ दिया ।

वहीं राज्यपाल के विधानसभा भवन के बाहर जाने के बाद अन्ना विश्वविद्यालय के मामले को लेकर एआईएडीएमके के सदस्यों ने हाथों में पोस्टर लेकर विरोध प्रदर्शन किया। पोस्टर में लिखा हुआ था कि आखिर इस मामले में आरोपी कौन है? भाजपा विधायकों का कहना है कि अन्ना विश्वविद्यालय मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, इसलिए वे विधानसभा से बाहर चले गए। कांग्रेस के विधायक इस मामले में अपना रोष प्रकट करने के लिए हाथों में बैज पहनकर आए थे।

## इमरजेंसी' का ट्रेलर आउट, कंगना ने कहा- 'कहानी सिर्फ एक विवादित नेता के बारे में नहीं

मुंबई (आरएनएस)। अभिनेत्री-सांसद कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' का दूसरा ट्रेलर सोमवार को जारी हो चुका है। कंगना ने कहा कि %इमरजेंसी% की कहानी सिर्फ एक विवादित नेता के बारे में नहीं है बल्कि यह उन विषयों पर आधारित है, जो आज भी प्रासंगिक हैं। पहले ट्रेलर की तुलना में नए ट्रेलर में और भी ज्यादा इंटेंसिटी और राजनीतिक दमखम दिखाया गया। ट्रेलर में 1975 के उथल-पुथल भरे दिनों और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की घोषणा, इंदिरा इज इंडिया को दिखाया गया है। कंगना रनौत ने फिल्म की कहानी के बारे में बताया, चुनौतियों से भरी एक लंबी यात्रा के बाद, मुझे खुशी है कि हमारी फिल्म 'इमरजेंसी' आखिरकार 17 जनवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज के लिए तैयार है। यह कहानी सिर्फ एक विवादित नेता के बारे में नहीं है, यह उन विषयों पर आधारित है जो आज भी प्रासंगिक हैं, जिससे यह यात्रा कठिन और महत्वपूर्ण दोनों बन जाती है।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में सिख समुदाय के दशमेश गुरु, गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा रकाब गंज का दौरा किया और प्रार्थना की।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा में पहुंचे और पटना के वैशाली जिले में 318 करोड़ रुपये की लागत से 125 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

# बीपीएससी विवाद अब पहुंचा सुप्रीम कोर्ट, प्रीलिम्स परीक्षा रद्द करने की मांग

नई दिल्ली (आरएनएस)। बिहार लोक सेवा आयोग की प्रीलिम्स परीक्षा को रद्द करने की मांग का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें परीक्षा में व्यापक धांधली का आरोप लगाते हुए इसे रद्द करने की मांग की गई है। याचिका में प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज के लिए जिम्मेदार अधिकारियों (एसपी और डीएम) के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की गई है।

याचिका में मुख्य रूप से परीक्षा रद्द करने का आदेश जारी करने की मांग की गई है, क्योंकि परीक्षा में व्यापक धांधली का आरोप लगाया गया है। याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में सीबीआई जांच की भी मांग की है ताकि धांधली के आरोपों की निष्पक्ष जांच हो सके। इसके अतिरिक्त, याचिका में प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग भी शामिल है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट से इस मामले पर जल्द सुनवाई का आग्रह किया है, और फिलहाल 7 जनवरी को सुनवाई होने की संभावना है।

### 13 दिसंबर की परीक्षा में गड़बड़ी

गौरतलब है कि 13 दिसंबर, 2024 को आयोजित बीपीएससी पीटी परीक्षा के दौरान पटना के बापू परीक्षा परिसर में गड़बड़ी पाई गई थी, जिसके बाद आयोग ने उस सेंटर की परीक्षा रद्द कर दी थी। इसके बाद पटना के 22 केंद्रों पर आज परीक्षा फिर से आयोजित की जा रही है।

### प्रशांत किशोर का अनशन और आरोप

छात्रों के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे जन सुराज के मुखिया प्रशांत किशोर आमरण अनशन पर बैठे हैं, आज उनके अनशन का चौथा दिन है। उन्होंने परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए कहा कि सीटें बिकी हुई हैं। उन्होंने कहा कि 15 हजार बच्चों की परीक्षा में 3.5 लाख से ज्यादा बच्चे आंदोलित हैं, और हर जिले और गांव में खबर फैली है कि एक-एक नौकरी के लिए 30 लाख से 1.5 करोड़ तक लिए जा रहे हैं। उन्होंने सरकार से इस पर जवाब देने की मांग की है। प्रशांत किशोर ने कहा कि उनका अनशन जारी रहेगा और वे अपना काम कर रहे हैं, सरकार को अपना काम करने दीजिए। उन्होंने कहा कि वे पिछले ढाई साल से बिहार में काम कर रहे हैं और अगर वे राजनीति नहीं करेंगे तो क्या करेंगे?



बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास पर सुरक्षा बढ़ाते हुए इसकी बालकनी में बुलेटप्रूफ ग्लास लगाया गया है और सड़क पर नजर रखने के लिए उच्च प्रौद्योगिकी वाली सीसीटीवी कैमरा प्रणाली भी लगाई गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बुलेटप्रूफ ग्लास लगाये जाने से अभिनेता की उस वक्त सुरक्षा सुनिश्चित होगी,

# कॉमेडी में अश्लीलता ने टैलेंट को किया पीछेःखुशबू कमल



कॉमेडी का सुनहरा दौर शायद अब खत्म हो गया है, और अभिनेत्री खुशबू कमल के अनुसार, इसका कारण आजकल के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बनने वाले कॉमेडियन हैं जो सोचते हैं कि चौंकाने वाली बातें ही मजाक हैं। खुशबू कमल, जिन्हें भाभी जी घर पर हैं और एफआईआर जैसे प्रसिद्ध शोज में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है, आज के कॉमेडी सीन के बारे में साफ-साफ बोल रही हैं, खासकर उर्फी जावेद, कुशा कपिला और कॉमेडियन समय रैना को यह कहकर कि वे कॉमेडी को स्किन, अपमान और निम्न स्तर के मजाक का सर्कस बना रहे हैं। खुशबू कमल का कहना है कि कॉमेडी का असली सार अब कहीं खो गया है। उर्फी जावेद, कुशा कपिला और समय रैना जैसे लोग कॉमेडी के नाम पर सिर्फ ध्यान खींचने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इन्होंने कॉमेडी को एक ऐसा मंच बना दिया है, जहां अगर मजाक काम नहीं करता, तो बैकअप प्लान कपड़े उतारने या विवादित बातें कहने का होता है।

खुशबू का मानना है कि इस नई तरह की कॉमेडी ने असली हंसी और रचनात्मकता को खत्म कर दिया है। उनके अनुसार, अगर मजाक नहीं चल पाया, तो यह या तो पर्वनल ड्रामा बन जाता है या अश्लीलता का प्रदर्शन। यह कॉमेडी नहीं है, बल्कि खराब थिएटर है। उन्होंने साफ किया कि ऐसे जॉनर से वे इमोरेस्ड नहीं हैं।

खुशबू कमल ने जॉनी लीवर, डेविड धवन और ऋषिकेश मुखर्जी जैसे बड़े कलाकारों की तारीफ की, जो बिना गंदे मजाक या दिखावे के कॉमेडी में मजा और सादगी लाए।उन्होंने कहा, कपिल शर्मा और भारती सिंह आज भी बिना किसी गलत चीज के हमें खूब हंसाते हैं। लेकिन ये नए कॉमेडियन? इनकी गलत हरकतों ने असली कॉमेडी को खत्म कर दिया है। खुशबू ने अपनी नाराजगी साफ-साफ जाहिर की। खुशबू कमल ने ऐसी कॉमेडी का बच्चों पर पड़ने वाले असर पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, बच्चे इनसे क्या सीख रहे हैं? उन्होंने कहा कि ऐसे गलत व्यवहार को सही मानना खतरनाक हो सकता है। उन्होंने कहा, क्या हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे समझें कि कपड़े उतारना या गंदी बातें करना ही लोगों को हंसाने का तरीका है? माता-पिता को ऐसी चीजें देखकर सोचना चाहिए और शर्म महसूस करनी चाहिए।

## वरुण धवन की बेबी जॉन का निकला दम, पुष्पा 2 ने किया फिल्म का बुरा हाल

वरुण धवन पिछले काफी समय से अपनी फिल्म बेबी जॉन को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। उन्हें लग रहा था कि उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया कमाई कर लेगी, लेकिन पहले ही दिन फिल्म का बंटाधार हो गया।

फिल्म क्रिसमय और नए साल के खास मौके पर भी दर्शकों के लिए तरसती रही।

आलम यह है कि 10 दिन में इसका हाल-बेहाल हो चुका है।

उधर पुष्पा 2 का भौकाल 30वें दिन भी सिनेमाघरों में जारी है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक बेबी जॉन ने रिलीज के 10वें दिन 45 लाख रुपये कमाए हैं। इसी के साथ बेबी जॉन का 10 दिनों का कुल कारोबार अब 36.85 करोड़ रुपये हो गया है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बेहद बुरी हालत में है।

# नोरा फतेही ने साड़ी पहने इंटरनेट पर बरपाया कहर, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख मचल उठा फैंस का दिल

बी-टाउन की ग्लैमरस क्वीन और बैली डांसर नोरा फतेही हमेशा अपने ठुमको से सभी फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका खूबसूरती भरा अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।

अपनी एक्टिंग से ज्यादा डांसिंग स्टाइल को लेकर लाइमलाइट में रहने वाली एक्ट्रेस नोरा फतेही सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं, जिसमें वो साड़ी पहनकर कैमरे के सामने बलखाती हुई अदाओं से पोज दे रही हैं।



फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मोनालिसा ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान व्हाइट कलर की नेट लुक में साड़ी पहनी हुई है और उसके साथ गोल्डन कलर का रिवीलिंग ब्लाउज कैरी किया है।

खुले बाल, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस नोरा फतेही ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

नोरा फतेही सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

## एनटीआर की ब्लॉकबस्टर फिल्म देवरा ने सिनेमाघरों में पूरे किये 100 दिन

एनटीआर की ब्लॉकबस्टर फिल्म देवरा ने 100 दिन पूरे कर लिए हैं। हाल के दिनों में यह कहा जा सकता है कि सिनेमाघरों में किसी फिल्म का दस दिन तक चलना बड़ी बात है। ऐसी ही एक फिल्म देवरा ने छह केंद्रों में सौ दिन का आंकड़ा छू लिया है। फिल्म सूत्रों का कहना है कि पुष्पा 2 जैसी बड़ी हिट फिल्म के सामने भी देवरा का यह रिकॉर्ड हासिल करना कोई आम बात नहीं है। हाल के दिनों में किसी फिल्म का 100 दिन या 50 दिन तक चलना कोई असामान्य बात नहीं है। हालांकि, देवरा ने उस कमी को पूरा कर लिया है।

फिल्म देवरा का 50 दिन का पोस्टर 52 केंद्रों में रिलीज किया गया है। अब देवरा ने छह केंद्रों में सफलतापूर्वक 100 दिन पूरे कर लिए हैं। इसी सिलसिले में निर्माताओं ने हाल ही में एक पोस्टर जारी किया है। 15 नवंबर को देवरा के 50 दिन के जश्न का जश्न मनाने वाले प्रशंसक अब 100 दिन के उत्सव को बड़े उत्साह के साथ मना रहे हैं। देवड़ा ने चिलकालुरिपेट (रामकृष्ण), बी. कोठाकोटा (द्वारका), कल्लुरु (एमएनआर) और रोमपिचार्ला (एमएम डीलक्स) चित्तूर जिले के सिनेमाघरों में 100 दिन पूरे कर लिए हैं। जान्हवी कपूर ने कोराताला शिवा द्वारा निर्देशित फिल्म देवड़ा से तेलुगु में डेब्यू किया। इसमें सैफ अली खान, श्रुति मराठे, प्रकाश राज और श्रीकांत मुख्य भूमिकाओं में हैं। सिनेमैटोग्राफी के साथ-साथ संगीत ने भी दर्शकों को प्रभावित किया। निर्माताओं ने पहले ही घोषणा कर दी है कि देवड़ा पार्ट 2 भी आएगा।

**विक्रमादित्य मोटवानी की ब्लैक वारंट का ट्रेलर जारी, तिहाड़ जेल की दीवारों के पीछे की कहानी, शशि कपूर के पोते का डेब्यू**

भारतीय सिनेमा के जाने-माने निर्देशक विक्रमादित्य मोटवानी की आगामी फिल्म ब्लैक वारंट का दमदार ट्रेलक आज रिलीज हो चुका है। इस सीरीज में कुणाल कपूर के बेटे और शशि कपूर के पोते जहान कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इसमें वह तिहाड़ के जेलर रहे सुनील गुप्ता का किरदार निभा रहे हैं।

# पुष्पा 2 ने 30वें दिन की सबसे कम कमाई, दंगल का रिकॉर्ड टूटना मुश्किल, गेम चेंजर बिगाड़ सकती है खेल

अल्लू अर्जुन स्टारर एक्शन ड्रामा फिल्म पुष्पा 2 ने बॉक्स ऑफिस पर अपने 30 दिन यानि एक महीना पूरा कर लिया है. पुष्पा 2 द रूल बॉक्स ऑफिस पर बीती 5 दिसंबर को रिलीज हुई थी. फिल्म पुष्पा 2 ने 294 करोड़ रुपये से रिकॉर्डतोड़ ओपनिंग की थी. पहले ही दिन से पुष्पा 2 बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई कर रही है. पुष्पा 2 अपनी कमाई से कई रिकॉर्ड बना चुकी है. पुष्पा 2 हिंटी पट्टी में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. पुष्पा 2 घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सबसे कमाऊ फिल्म साबित हुई है. इसी के साथ पुष्पा 2 वर्ल्डवाइड सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लिस्ट में भी शामिल हो गई है. पुष्पा 2 ने दंगल और बाहुबली के घरेलू बॉक्स ऑफिस के रिकॉर्ड तोड़ चुकी है.

सैकनिल्क के अनुसार, पुष्पा 2 की कमाई अभी भी करोड़ों रुपये में हो रही है. पुष्पा 2 ने 30वें दिन यानि 5वें फ्राइडे को 3.85 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. इसमें सबसे ज्यादा हिंदी में 2.75 करोड़ रु, तेलुगू में 1 करोड़ रुपये, तमिल में 0.8 करोड़, कर्नाटक में 0.1 करोड़ और मलयालम में 0.1 करोड़ रुपये का कारोबार किया है. बता दें, 30वें दिन फिल्म की कमाई में 23 फीसदी की गिरावट आई है. वहीं 29वें दिन फिल्म ने 5 करोड़ रुपये कमाए थे. बता दें, चौथे हफ्ते में पुष्पा 2 ने 69.65 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. बता दें, पुष्पा 2 के 29वें दिन (5 करोड़) और 30वें दिन (3.85) की कमाई को जोड़े तो घरेलू कलेक्शन से भी फिल्म 1807 करोड़ रुपये के करीब पहुंच चुकी है और अभी फिल्म में ओवरसीज की कमाई जुड़ना बाकी है.

बता दें, पुष्पा 2 ने अभी तक तेलुगू में 332.76 करोड़, हिंदी में 781.15 करोड़, तमिल में 57.83 करोड़, कन्नड़ में 7.7 करोड़ और मलयालम में 14.16 करोड़ रुपये का कुल कलेक्शन कर लिया है. बता दें, पुष्पा 2 ने 28 दिनों में वर्ल्डवाइड ऑफिशियली 1799 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है. अब 29वें और 30वें दिन की की कमाई से पुष्पा 2 ने बाहुबली 2 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. बता दें, बाहुबली 2 के दो वर्ल्डवाइड आंकड़े सामने आ रहे हैं, जिसमें 1788.06 और 1810 करोड़ रुपये. ऐसे में देखा जाए तो पुष्पा 2 देश की दूसरी सबसे कमाऊ फिल्म बन गई है. अब पुष्पा 2 आमिर खान की दंगल का रिकॉर्ड तोड़ने जा रही है. दंगल ने वर्ल्डवाइड 2024 करोड़ रुपये का कारोबार किया है. बता दें, अब मकर संक्रांति पर साउथ सुपरस्टार राम चरण की फिल्म गेम चेंजर रिलीज होने जा रही है. आरआरआर की कामयाबी के बाद राम चरण फिल्म गेम चेंजर से बॉक्स ऑफिस पर गेम बदल देगी. फिल्म गेम चेंजर आगामी 10 जनवरी को रिलीज हो रही है और इससे पुष्पा 2 की कमाई पर बड़ा असर पड़ेगा.

## ये जवानी है दीवानी की री-रिलीज ने सिनेमाघरों में मचाई धूम, रणबीर-दीपिका का जादू फिर से लाया रंग!

अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित ये जवानी है दीवानी ने सिनेमाघरों में शानदार वापसी की है। 3 जनवरी को 46 शहरों में 140 पीवीआर आईनॉक्स सिनेमाघरों में फिर से रिलीज़ हुई इस फ़िल्म को लोगों ने खूब पसंद किया। मूल रूप से 31 मई, 2013 को रिलीज़ हुई इस फ़िल्म ने रणबीर कपूर को सुपरस्टार बना दिया। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, ये जवानी है दीवानी की लोकप्रियता इसके असाधारण संगीत, शानदार लोकेशन और समकालीन कहानी की वजह से है। रणबीर कपूर, दीपिका पादुकोण, आदित्य रॉय कपूर और कल्कि कोचलिन के दमदार अभिनय के दम पर यह फ़िल्म एक कल्ट क्लासिक बन गई है।

पुनः रिलीज़ की शानदार एडवांस बुकिंग बिक्री - बुक माई शो पर 41,440 टिकटें बिकीं - इसकी निरंतर अपील को दर्शाती है। हैदराबाद में अतिरिक्त शो जोड़े गए हैं,

# नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात का खाना कितने बजे तक खा लेना चाहिए?



वजन घटाना आजकल कई लोगों की प्राथमिकता बन गई है। इसके लिए सही समय पर भोजन करना जरूरी है।

सही समय पर नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात का खाना करने से न केवल वजन घटाने में मदद मिलती है, बल्कि यह आपकी सेहत को भी बेहतर बना सकता है।

इस लेख में हम जानेंगे कि किस समय पर कौन-सा भोजन करना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

सुबह के नाश्ते का सही समय

सुबह के नाश्ते को दिन की शुरुआत में लेना जरूरी है।

विशेषज्ञों के अनुसार, सुबह उठने के एक घंटे के अंदर नाश्ता कर लेना चाहिए। इससे मेटाबॉलिज्म तेज होता है और शरीर को ऊर्जा मिलती है।

देर से नाश्ता करने पर भूख बढ़ सकती है, जिससे ज्यादा खाने की संभावना रहती है। इसलिए सुबह 7 से 9 बजे के बीच हल्का लेकिन पोषक नाश्ता करें जैसे ओट्स या फल।

दोपहर के खाने का सही समय

दोपहर का खाना दिनभर की ऊर्जा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इसे दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक कर लेना चाहिए ताकि आपका शरीर इसे अच्छे से पचा सके और आपको पूरे दिन ताजगी महसूस हो सके।

इस दौरान संतुलित आहार लें, जिसमें प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट्स और सब्जियां शामिल हों जैसे दाल-चावल या रोटी-सब्जी आदि।

इससे आपका पेट भरा रहेगा और अनावश्यक स्नैक्स खाने की आदत कम होगी, जिससे वजन घटाने में मदद मिलेगी।

शाम के स्नैक्स का सही समय

शाम को हल्के स्नैक्स लेने से आपकी भूख नियंत्रित रहती है, जिससे रात के खाने में अधिक खाने की संभावना कम होती है।

शाम 4 बजे से 6 बजे तक कुछ हल्का जैसे फल या मूंगफली खाएं, जो आपको अतिरिक्त कैलोरी नहीं देगा, लेकिन आपकी भूख शांत करेगा।

इससे आप रात तक ऊर्जावान रहेंगे और अनहेल्दी चीजें खाने की इच्छा नहीं होगी, जो अक्सर वजन बढ़ने का कारण बनती हैं।

रात के खाने का सही समय

रात का खाना सोने से लगभग तीन घंटे पहले कर लेना चाहिए ताकि शरीर उसे अच्छे से पचा सके और नींद प्रभावित न हो।

इसे शाम 7 बजे से 8:30 बजे तक कर लेना सही रहता है ताकि सोते वक्त पेट हल्का रहे और नींद अच्छी आए। इस दौरान हल्का आहार लें, जैसे सूप या सलाद, जो आसानी से पच जाते हैं।

इससे वजन नियंत्रित रहेगा क्योंकि भारी भोजन करने पर शरीर में अतिरिक्त चर्बी जमा होने लगती है।

# मुंहासों से छुटकारा पाने के लिए चेहरे पर लगाएं ये 5 जड़ी-बूटियां, होती हैं बेहद असरदार



सर्दी में भी मुंहासे होते हैं, जो खुजली का कारण बनते हैं। इस मौसम में मृत त्वचा रोमछिद्रों में फस जाती है और अतिरिक्त तेल के साथ मिलकर इस समस्या का कारण बनती है।

अगर आपके भी मुंहासे हैं और आप उनसे छुटकारा पाना चाहते हैं तो रसोई में मौजूद इन जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

आप इन जड़ी-बूटियों से फेस पैक बना सकते हैं या इनसे बने त्वचा की देखभाल वाले उत्पादों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

एलोवेरा

त्वचा की देखभाल में एलोवेरा का इस्तेमाल जरूर किया जाता है, जिसके जरिए त्वचा हाइड्रेट हो सकती है।

इससे मुंहासों का प्राकृतिक और घरेलू उपचार हो सकता है और रंजकता भी कम हो सकती है।

अगर आप रोजाना चेहरे पर एलोवेरा जेल लगाएंगे, तो आपको मुंहासों के दाग, लालपन और खुजली से राहत मिल जाएगी।

आप इसमें चीनी मिलाकर स्क्रब की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं या इसे ऐसे ही लगा सकते हैं।

हल्दी

हल्दी एक ऐसी जड़ी-बूटी है, जो अपने एंटी-फंगल, एंटी-सेप्टिक और एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों के लिए जानी जाती है।

इन सभी गुणों की मदद से यह बैक्टीरिया को खत्म करने और मुंहासों का इलाज करने में सक्षम हो पाती है।

आप कारगर फेस पैक बनाने के लिए इसमें दही, शहद और बेसन मिला सकते हैं। इसे लगाने से न केवल मुंहासे दूर होते हैं, बल्कि उनके दाग भी मिट जाते हैं और त्वचा में प्राकृतिक निखार भी आ जाता है।

विच हेजल

आप मुंहासों को मिटाने के लिए विच हेजल का भी उपयोग कर सकते हैं, जो एक तरह का फूल होता है। आप इस जड़ी-बूटी से बनाए गए टोनर की मदद से मुंहासों का इलाज कर सकते हैं।

विच हेजल अतिरिक्त तेल को हटाने में मदद करता है और मुंहासों के दाग-धब्बों को भी साफ करता है। रुई में इससे बने टोनर की कुछ बूंदें लेकर अपने चेहरे पर लगाएं और त्वचा में अवशोषित हो जाने दें।

नीम- नीम में शक्तिशाली एंटी-बैक्टीरियल और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं। इनके जरिए मुंहासों का इलाज किया जा सकता है और उनके कारण होने वाली खुजली को शांत किया जा सकता है।


नीम के पत्ते मुंहासे पैदा करने वाले बैक्टीरिया से निपटने, सूजन को कम करने और बंद रोमछिद्रों को साफ करने में मदद कर सकते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -288

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. रूचिकर लगने वाला, रूचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**
1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 287 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | | आ | वा | जा | ही | | |
| मा | | खू | ब | | दू | र | स्थ | |
| ना | दा | न | | सा | ग | | ल | क्ष्य |
| | न | ख | | त | र | ल | | |
| | बी | रा | न | | | च | ट | क |
| | र | ब | | आ | ज | क | ल | |
| | | | आ | ग | | दा | ना | |
| | अ | ग | र | म | ग | र | | क्रो |
| भा | भी | | ती | न | | | व | ध |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना गोहलपुर में मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि प्राची मिश्रा उम्र 14 वर्ष निवासी बस्ती नम्बर 1 सुभाषनगर को शाम लगभग 5 बजे घर पर चूहामार दवाई का सेवन करने से दिनांक 5-1-25 को विक्टोरिया अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया था। विक्टोरिया से रेफ़र होने पर रात्रि लगभग 11-55 बजे प्राची मिश्रा को मौसी सुनीता विश्वकर्मा द्वारा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था दौरान उपचार के आज रात लगभग 2-30 बजे प्राची मिश्रा की मृत्यु हो गई है। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।



# फुड बास्केट बाटने के साथ क्षय उन्मूलन के अंतर्गत रेलवे में 100 दिवसीय निक्षय शिविर प्रारंभ



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मंगलवार को जबलपुर स्थित रेलवे चिकित्सालय के सभागृह में 100 दिवसीय सघन निक्षय शिविर अभियान के अंतर्गत टीबी मरीजों के लिए फ़ूड बास्केट वितरण कार्यक्रम का आयोजन डॉ अशोक कुमार चिकित्सा निदेशक केन्द्रीय चिकित्सालय जबलपुर एवं डॉ निर्मला गुप्ता मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जबलपुर मंडल के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर डॉ संतोष ठाकुर जिला क्षय एवं एड्स अधिकारी जबलपुर की मुख्य अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति रही

इस कार्यक्रम का शुभारम्भ में सीमान्त धीमोले पीएमडीटी कोरडीनेटर द्वारा 100 दिवसीय सघन निक्षय शिविर की महत्ता को बताते हुए रेलवे के समस्त विभागों में ज्यादा से ज्यादा संभावित लोगों की स्क्रीनिंग एवं जांच कराये जाने जिससे मरीजों की पहचान हो सके, डॉ संदीप चौहान मंडल चिकित्सा अधिकारी जबलपुर एवं श्री धीरेन्द्र कुमार तिवारी टीबी हेल्थ विजिटर द्वारा निक्षय मित्र एवं क्षय रोगियों को आमंत्रित कर एवं क्षय रोग को जड़ से समाप्त करने के लिय लोगों को जागरूक कर किया गया कार्यक्रम में उपस्थित सभी निक्षय मित्र एवं आये हुए टीबी रोगियों का सम्मान करते हुए चिकित्सा निदेशक एवं जिला क्षय अधिकारी के कर कमलों द्वारा सभी मरीजों को फ़ूड बास्केट वितरित किये गए श्री अनिल कुमार सहायक स्वास्थ्य अधिकारी (मुख्यालय) जबलपुर, श्री मनोज कुमार गुप्ता सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर मंडल, श्री देवेन्द्र कुमार डीईई (प.क) जबलपुर द्वारा इस तरह के कार्यक्रम जबलपुर एवं समस्त डिविजन में करने के लिए उपस्थित व्यक्तियों को प्रेरित किया गया द्व फ़ूड बास्केट वितरण कार्यक्रम में आये हुए समस्त टीबी मरीजो एवं निक्षय मित्रों को निक्षय पोर्टल पर पंजीकृत किया गया उक्त कार्यक्रम में रेलवे चिकित्सालय के 11 टीबी लाभार्थियों को फ़ूड बास्केट वितरित किये गए साथ ही टीबी उन्मूलन जागरूकता हेतु पम्फलेट बांटे गए द्व उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती शीला सिंह, श्री रामबिलास चौबे, श्री विधु रंजन, श्री राजेश ठाकरे, श्री मोहन अय्यर एवं श्रीमती भारती अय्यर, श्री अनिल पटेल,श्रीमती सुषमा मसीह, श्रीमती तिर्की, श्रीमती लल्ली कोल, खुशी, जेनिफर, स्वीटी,रोजी का महत्वपूर्ण योगदान रहा द्व कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन श्री धीरेन्द्र कुमार तिवारी रेलवे टीबी हेल्थ विजिटर एवं श्री देवेन्द्र कुमार डीईई (प.क) जबलपुर द्वारा किया गया द्व इस कार्यक्रम में 80 से ज्यादा लोगों की उपस्थिति रही

**समय सीमा में निराकरण नहीं कराने वाले अधिकारियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई - निगमायुक्त**

# सी.एम. हेल्प लाइन में प्राप्त शिकायतों का संतुष्टि के साथ समय सीमा में निराकरण कराएँ अधिकारीगण - निगमायुक्त प्रीति यादव



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सी.एम. हेल्प लाइन के अंतर्गत नगर निगम को प्राप्त शिकायतों पर निराकरण की स्थिति के संबंध में जानकारी लेने निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने अधिकारियों की बैठक मानस भवन में बुलाई और समीक्षा की। समीक्षा के दौरान पाया गया कि बहुत से प्रकरण हैं जिनमें समय सीमा में कार्यवाही नहीं हुई है जिसपर निगमायुक्त श्रीमती यादव ने सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सी.एम. हेल्प लाइन में प्राप्त शिकायतों का संतुष्टि के साथ प्राथमिकता के आधार पर समय सीमा में निराकरण कराएँ। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने समीक्षा बैठक के दौरान स्पष्ट रूप से सभी अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि सी.एम. हेल्प लाइन के प्रकरणों में हीला हवाली बरतने वाले एवं समय सीमा में निराकरण नहीं कराने वाले अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। इसलिए सभी अधिकारी अपने अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का अवलोकन करें और उसक त्वरित निराकरण कराएँ। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने समीक्षा बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को बताया कि सी.एम. हेल्प लाइन के प्रकरणों के निराकरण की जानकारी हर दूसरे दिन ली जोयेगी। सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग के प्रकरणों की अपने स्तर पर तैयारी कर समय सीमा में अनिवार्य रूप से निराकरण कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

**दिव्यांगजनों को नि:शुल्क कृत्रिम अंग के लिए तीन दिवसीय शिविर का आयोजन 9 जनवरी से प्रारंभ**

जबलपुर। योजना प्रभारी इन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि दिव्यांगजनों के रजिस्ट्रेशन के लिए तीन दिवसीय शिविर का आयोजन दिनांक 9 जनवरी 2025 से 11 जनवरी 2025 तक समय प्रात: 09:00 से सायं 05:00 तक सरदार बल्लभ भाई पटैल सामुदायिक भवन, श्री गुजराती मंडल परिसर, जयंती काम्प्लेक्स के सामने मढ़ाताल में किया गया है। शिविर के संबंध में योजना प्रभारी ने बताया कि श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बीएमव्हीएसएस) जयपुर द्वारा दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायक उपकरण जैसे - कृत्रिम पैर, कृ.म हाथ, कैलिपर, बैसाखी, छड़ी, वॉकर, दृष्टि बाधित व्यक्ति के लिए छड़ी, व्हील चेयर, सी.पी. व्हील चेयर, हाथ द्वारा चलने वाली साईकिल एवं हियरिंग ऐड (सुनने की मशीन) आदि

**प्रतियोगिता का आयोजन जबलपुर में 15 से 17 जनवरी तक**

# 46 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल कुश्ती

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 46 वीं अख?ल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 17 जनवरी तक जबलपुर में होगा। इस बात की जानकारी एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन व केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने आज यहां दी। प्रतियोगिता का आयोजन रामपुर परिसर स्थि?त तरंग प्रेक्षागृह में आधुनिकतम गद्दों पर होगा। 12 टीमों के भाग लेने की संभावना-प्रतियोगिता में देश भर की पावर यूटिलिटी की 12 टीमों के भाग लेने की संभावना है। जिन टीमों की भाग लेने की संभावना है उनमें हरियाणा पावर ग्रुप, पंजाब स्टेट पावर कार्पोरेशन लि?मि?टेड, राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि?मि?टेड, तेलंगाना जेनको, बीएसईएस दिल्ली, हिमाचल पावर, बिहार पावर, इन्द्रप्रस्थ पावर जनरेटिंग कंपनी लि?मि?टेड, महाराष्ट्र डि?स्काम, महाराष्ट्र जेनको, उत्तराखंड, टाटा पावर व मेजबान एमपी पावर शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि पिछली प्रतियोगिता में हरियाणा विजेता व पंजाब की टीम उपविजेता रही थी। राजस्थान को तृतीय स्थान मिला था। दस भार वर्ग में फ्री स्टाइल शैली के होंगे मुकाबले-46 वीं अख?ल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल कुश्ती प्रतियोगिता में फ्री स्टाइल शैली के अंतर्गत 10 भार वर्ग के मुकाबले होंगे। इनमें 57 किलोग्राम, 61, 65, 70, 74, 79, 86, 92, 97 व 125 किलोग्राम और इससे अध?क भार वर्ग में पहलवान मुकाबले के लिए उतरेंगे। कुश्ती प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय नियम व मानक के अनुसार आयोजित होगी। सभी मैचों में एनआईएस रैफरी निर्णायक भी भूमिका निभाएंगे। अख?ल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल ने बिहार पावर के संजीव कुमार को प्रतियोगिता का ऑब्जर्वर नियुक्त किया है।




# हितकारिणी महिला महाविद्यालय की छात्रों का औद्योगिक भ्रमण



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महिला महाविद्यालय में चार सप्ताह का डिपार्मेंट आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है जिसके अंतर्गत आज छात्रों को जबलपुर के औद्योगिक क्षेत्र रिछाई में विभिन्न इकाइयों का भ्रमण कराया गया इस सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्राओं ने विभिन्न विषय विशेषज्ञ द्वारा कैसे स्टार्टअप किया जा सकता है स्टार्टअप के लिए क्या-क्या आवश्यकता होती है? मार्केट का अध्ययन कैसे करना चाहिए? मार्केट का विश्लेषण कैसे किया जाता है? उद्योग स्थापित करने के लिए लोन सुविधा कहां से प्राप्त की जा सकती है? प्रोजेक्ट रिपोर्ट कैसे तैयार की जाती है ? और मार्केटिंग के क्षेत्र में अपना भविष्य कैसे बनाया जा सकता है? आदि विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया प्रशिक्षण के दौरान छात्रों ने विभिन्न उत्पादों के निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया को भी प्रायोगिक रूप से समझा तत्पश्चात छात्रों को औद्योगिक भ्रमण कराया गया आज छात्राओं ने रिछाई स्थित पारले-जी, फलक नमकीन, ज्योति इंडस्ट्रीज आदि इकाइयों का भ्रमण किया इस भ्रमण में संपदा इंस्टीट्यूट आफ भोपाल के प्रशिक्षक शिलेश मालवीय जी एवं सुरेंद्र सिंह राजपूत जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा भ्रमण कार्यक्रम में महाविद्यालय की अध्यापिका स्तुति पांडे एवं आयुषी नामदेव का महत्वपूर्ण सहयोग रहा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. निलेश पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय द्वारा हमेशा ही छात्राओं के हित में इस तरह की के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं हितकारिणी सभा के माननीय मंत्री बाबू विश्व मोहन जी के द्वारा हमेशा ही छात्राओं को शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ औद्योगिक गतिविधियों की जानकारी प्रदान करने के लिए प्रेरित किया जाता है छात्रों को स्वयं की व्यवसाय से जोड़ने का प्रयास किया जाता है इसी श्रृंखला में या आयोजन किया गया महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ के के हूंका ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए पूरे महाविद्यालय परिवार को बधाई दी प्रशिक्षण कार्यक्रम में समस्त विभाग अध्यक्ष एवं प्राध्यापकों का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है. प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन कल दोपहर 12 बजे डॉ समीर शुक्ला प्राचार्य शासकीय मनमोहन दास कन्या महाविद्यालय जबलपुर रहेंगे.

## रीवा-मानिकपुर के मध्य अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन

जबलपुर। रेल प्रशासन द्वारा आगामी महाकुम्भ मेला के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए मेला स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में रीवा-मानिकपुर-रीवा के मध्य अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है, जिसका विवरण इस प्रकार है। गाड़ी संख्या 08248 रीवा-मानिकपुर अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 12 जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2025 तक (04 ट्रिप), 28 जनवरी 2025 से 30 जनवरी 2025 तक (03 ट्रिप), 02 फरवरी 2025 से 04 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप), 11 फरवरी 2025 से 13 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप) एवं 25 फरवरी 2025 से 27 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप) रीवा स्टेशन से सुबह 06¬45 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 10¬15 बजे मानिकपुर स्टेशन पहुंचेगी। (कुल 16 ट्रिप) इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08247 मानिकपुर-रीवा अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 12 जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2025 तक (04 ट्रिप), 28 जनवरी 2025 से 30 जनवरी 2025 तक (03 ट्रिप), 02 फरवरी 2025 से 04 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप), 11 फरवरी 2025 से 13 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप) एवं 25 फरवरी 2025 से 27 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप) मानिकपुर स्टेशन से सुबह 11¬15 बजे प्रस्थान कर उसी दिन दोपहर 14¬30 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी।

# पावर जनरेटिंग कंपनी के 77 कार्मिकों को मिला उच्च वेतनमान का लाभ

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के मुख?य अभियंता (मानव संसाधन एवं प्रशासन) कार्यालय द्वारा 77 कार्मिकों के उच?च वेतनमान स?वीकृति के आदेश जारी किए गए है। लाभ प्राप?त करने वाले कार्मिक मुख्यालय जबलपुर, भोपाल, सारनी, बिरसिंगपुर, खण?डवा, चचाई, सिरमौर, सिलपरा, तोतलाडोह, चंदेरी, गांधीसागर, बरगीनगर व देवलोंद स्थित कम्पनी के विद्युत गृहों में पदस?थ हैं।

35 वर्षीय चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ प्राप?त करने वालों में भोपाल कार्यालय में पदस्थ अवनीश शुक्ला, चचाई के मनोज कुमार शर्मा, रमेश कुमार असाटी, रामसजीवन पटेल, पदम लाल शर्मा, प्रनब कुमार दास, ब्रिज बिहारी पटेल, प्रहलाद पटेल पाण्डे, रमाकांत तिवारी, रामनारायण राठौर, भागीरथ पटेल व रामायण प्रसाद तिवारी। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी के संजय कुमार तालापेल्लिवार, प्रवीण मेघराज पचोली, जिते?द्र सिंह तोमर, रामरतन बाथम, अरुण यादव, प्रमोद कुमार सोनी, ज्योति गायकवाड व चैनलाल साहू। संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर के विनोद कुमार सिंह, यते?द्र सिंह, देवे?द्र सिंह परिहार, संजय शिवहरे, जग?नाथ प्रसाद हरदहा, सुरेन्द्र सिंह, विजय कुमार थापक, अतुल वडजिकर व रामाश्रय शर्मा। राजघाट जल विद्युत गृह चंदेरी के नारायण दत्त पाटनी, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खण?डवा के राजू साहू, मनोज श्रीकृष्णा सोहानी, महेन्द्र कुमार, उमाशंकर वर्मा, संतोष कुमार वर्मा, सुधीर कुमार पाटीदार, नारायण कुमार पंचाल, मनोज कुमार भिडे, अशोक कुमार सोनी व जगेन्द्र सिंह राजपूत। टोंस जल विद्युत गृह सिरमौर के जानकी प्रसाद पाण?डेय, सिलपरा के रामजी मिश्रा, बब्बू सिंह परिहार, सतीश कुमार मिश्रा, पेंच जल विद्युत गृह तोतलाडोह के अरुण मुंगोले, गांधीसागर जल विद्युत गृह के मनोज कुमार, रानी अवंती बाई सागर जल विद्युत गृह बरगीनगर के राकेश कुमार शर्मा व देवलोंद के महेन्द्र कुमार चौहान है। इनके अतिरिक्त बिरसिंगपुर के हनुमान प्रसाद तिवारी व धर्मेन्द्र कुमार पटेल को 9 वर्षीय प्रथम उच्च वेतनमान का लाभ प्राप्त हुआ है।

पावर जनरेटिंग कंपनी से सेवानिवृ?त जी. शशिधर पिल?लई, मो. खलील, कृष?णनैया, गिरीश कुमार दीक्षित, रवि श्रीवास्तव, सुरेन्द्र कुमार पाण्डे, राजेन्द्र कुमार गुप्ता, अयूब खान, सतीश कुमार जोशी, प्रकाश साजन रोकडे, संजीव अरोरा, मिहीर कुमार रॉय, महेन्द्र कुमार पाटिल, मिथलेश कुमार चतुर्वेदी, रामहर्ष सिंह, अशोक कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार खरे, सत्येन्द्र नाथ श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कुमार दुबे, रामनिवास तिवारी, आरबी तिवारी, अनिल पुजारा व सियाराम सिंह को भी 35 वर्षीय चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ प्राप?त हुआ है।

## कटनी-मानिकपुर के मध्य अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन

जबलपुर। रेल प्रशासन द्वारा आगामी महाकुम्भ मेला के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए मेला स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में कटनी-मानिकपुर-कटनी के मध्य अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है, जिसका विवरण इस प्रकार है। गाड़ी संख्या 09015 कटनी-मानिकपुर अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 12 जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2025 तक (04 ट्रिप), 28 जनवरी 2025 से 30 जनवरी 2025 तक (03 ट्रिप), 02 फरवरी 2025 से 04 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप), 11 फरवरी 2025 से 13 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप) एवं 25 फरवरी 2025 से 27 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप) कटनी स्टेशन से प्रात: 05¬40 बजे प्रस्थान कर उसी दिन दोपहर 12¬15 बजे मानिकपुर स्टेशन पहुंचेगी। (कुल 16 ट्रिप)

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09016 मानिकपुर-कटनी अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 12 जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2025 तक (04 ट्रिप), 28 जनवरी 2025 से 30 जनवरी 2025 तक (03 ट्रिप), 02 फरवरी 2025 से 04 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप), 11 फरवरी 2025 से 13 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप) एवं 25 फरवरी 2025 से 27 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप) मानिकपुर स्टेशन से दोपहर 12¬45 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात्रि 20¬50 बजे कटनी स्टेशन पहुंचेगी।

# काँग्रेस पार्षद कर रहा भू-माफिया का काम कराई फर्जी रजिस्ट्री अपने भांजे के नाम से



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।आज जिला अधिवक्ता संघ द्वारा आवेदन के रूप में अधिवक्ता मोहम्मद अलतमश के पिता मोहम्मद असलम भूमि पर फर्जी रजिस्ट्री कराकर कॉग्रेस पार्षद शफीक हीरा अपने भांजे जाविद खान के नाम से कह रहा है की ये मेरी जमीन है और जबरन निर्माण कार्य रोका और मारने की धमकी दे रहा है कि यहां पर कोई काम नहीं होगा। यह कि एक नाम जद बदमाश पार्षद की आड़ में भू-माफिया का काम कर रहा है। जब उसको कहा यह जमीन हमारी है तो उसने कहा मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता और वकील और पुलिस से लड़ लूंगा। यह कि मेरी रजिस्ट्री सन 1990 की है। ग्राम बेतला तहसील अधारताल खसरा नं. 86/31 प्लाट नं. 98 कुल रकवा 2400 स्क्रेयर फुट और अब यह 5 महिने पहले की रजिस्ट्री कराकर कह रहे है जबकि यह एक बड़ा स्केनडिल है फर्जीबाड़े का जबकि इन्होंने जो फर्जी रजिस्ट्री बताई वह एक कूट रचित करके जुबेदा बी का नाम विक्रेता के रूप में उपयोग किया वास्तविकता में जो रजिस्ट्री कार्यालय में छायाचित्र लिया गया वह जुबेदा बी है ही नहीं और हमारी भूमि जिसकी जुबेदा बी नाम से कोई लिंक ही नहीं है। ऐसा ही यहां कई जमीनों पर कब्जा करके फर्जी रजिस्ट्री बनाकर काम कर रहे है और आज जिला अधिवक्ता संघ ने मांग की है कि इस पर भू-माफिया के ऊपर कठोर कार्यवाही की जाये। जिसके मौजूद जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष मनीष मिश्रा जी, जिला अधिवक्ता संघ के सचिव श्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, कार्यकारिणी सदस्य रविन्द दत्त, प्रशांत नायक, मो. शाकिर, दुर्गेश मनाना, शाबाव खान आदि जिला अधिवक्ता संघ के अधिवक्ता मौजूद रहें।

# माता कर्मा के नाम से डाक टिकिट जारी



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। केन्द्रीय शासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री श्री तोखन जी साहू की पहल से भक्तमाता कर्मा के नाम से डाक टिकिट जारी कर दी गई है यह जानकारी राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष आभा साहू ने प्रेस मीडिया को देते हुए बताया कि 22 दिसम्बर 2024 को भोपाल परिचय सम्मेलन में म.प्र. तैलिक साहू सभा द्वारा आयोजित अखिल भारतीय स्तर पर सम्पन्न हुआ था, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त जी क्षीरसागर, प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद जी साहू, संरक्षक सलाहकार डा. हेमराज साहू, विधि प्रकोष्ठ श्री रमेश के. साहू, ओमप्रकाश जी साहू, हितेश साहू, कमलेश साहू, युवा अध्यक्ष की उपस्थिति में मंत्री श्री तोखन साहू जी को लंबित पड़ी मांग माँ कर्मा का डाक टिकिट जारी करने का प्रस्ताव मंच से निवेदित किया गया जिस पर माननीय मंत्री जी ने मात्र 12 दिनों में माँ कर्मा का डाक टिकिट जारी करवा दिया । समस्त साहू समाज माननीय मंत्री तोखन साहू जी एवं म.प्र. तैलिक साहू सभा का आभार व्यक्त करता है कि उन्होंने हमारी आराध्य को अविस्मरणीय पहचान दी है। इस अवसर पर आभा साहू ने माननीय तोखन जी साहू से मिलकर उनका आभार व्यक्त किया कि माँ कर्मा हम महिला शक्तियों की पहचान है, जिन्हें डाक टिकिट के माध्यम से जन-जन तक जाना जायेगा ।

# व्यावसायिक लाभ कमाने चैरिटेबल ट्रस्ट की भूमि किराये पर दे दी

**पूर्व मंत्री श्रवण पटेल के खिलाफ कलेक्टर को शिकायत**

जबलपुर। अभी हाल ही में जिला प्रशासन ने अधिक फीस वसूली के मामले में नचिकेता स्कूल के खिलाफ करवाई की है। ये स्कूल पूर्व मंत्री श्रवण भाई पटेल व उनके परिवार द्वारा संचालित है। इसी कड़ी में अब श्रवण पटेल व उनके परिवार के खिलाफ एक और मामला सामने आया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने ट्रस्ट की जमीन को व्यवसायिक लाभ के लिए किराए पर दे दिया है। गौरतलब है कि चंचला बाई कॉलेज, वाटर टैंक, राइट टाउन के पीछे स्थित मोहनलाल हरगोविंददास चैरिटेबल ट्रस्ट को जबलपुर नगर निगम द्वारा चैरिटेबल अस्पताल चलाने के उद्देश्य से भूमि प्रदान की गई थी। अस्पताल को कथित तौर पर सत्य साईं कैंसर सोसाइटी को ?1 करोड़ के वार्षिक बेहिसाब/नकद भुगतान के लिए किराए पर दिया गया है। यह काले धन को सफेद करने का एक और तरीका है। महेश कुमार तिवारी ने इस सम्बंध में कलेक्टर दीपक सक्सेना को शिकायत भेजी है। शिकायत में जांच के बाद करवाई की मांग की गई है। शिकायत में कहा गया है कि श्रवण पटेल और उनके परिवार द्वारा बड़े पैमाने पर आपराधिक कृत्य में लिप्त हैं। शिकायत में कहा गया है कि नचिकेता स्कूल कथित तौर पर श्री परमानंदभाई पटेल की संपत्ति से चुराए गए और गलत तरीके से बनाए गए धन का उपयोग करके बनाए गए हैं।


**संभाग क्रमांक 2 के अंतर्गत चलाया गया हर दुकान डस्टबिन अभियान**

# आज भी स्कूलों में लगाई गई स्वच्छता की पाठशाला



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार निगम सीमा अंतर्गत सभी संभागों में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आज संभाग क्र. 3 के अंतर्गत आने वाले सत्यप्रकाश पब्लिक स्कूल, एम.जी.एम. हायर सेकेंडरी स्कूल एवं सेंट जेविएर हायर सेकेंडरी स्कूल में स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया गया। स्वच्छता की पाठशाला में छात्र-छात्राओं को आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 एवं जी.एफ.सी. स्टार रेटिंग से सबन्धित सभी मापदंडों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया एवं जबलपुर शहर में चल रहे गीले एवं सूखे कचरे के प्रसंस्करण प्लांटों के बारे में भी सभी को जानकारी दी गई। स्वच्छता की पाठशाला के दौरान घर से निकलने वाले अलग-अलग कचरा जैसे गीला, सूखा को अलग-अलग पृथक कर कचरे को नगर निगम की कचरा गाड़ी में ही देने के लिए आग्रह किया गया। इसके साथ सिंगल यूज़ प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित पोलीथिन उपयोग करने से होने वाली गंभीर बीमारियों के बारे में भी जानकारी देकर स्वच्छता के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया गया। स्वच्छता की पाठशाला में स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को स्वच्छता के बारे में नई नई जानकारी दी गई सभी को स्वच्छता के प्रति सजग रहने एवं दूसरों को भी सजग करने के लिए प्रेरित किया गया

इसी क्रम में संभाग क्र. 2 के अंतर्गत कछपुरा रेलवे फाटक एवं कछपुरा संभागीय कार्यालय, रानीताल से यादव कॉलोनी, यादव कॉलोनी से कछपुरा कमर्शियल एरिया में हर दुकान डस्टबिन अभियान चलाया गया। अभियान में सभी दुकानदारों एवं आम नागरिकों को कचरा इधर-उधर न फेंकने, अपनी दुकान में स्थायी डस्टबिन रखने, दुकान एवं घर से निकलने वाले कचरे को नगर निगम की कचरा गाड़ी में ही देने, सिंगल यूज प्लास्टिक के खतरे, उससे होने वाली बीमारियों के संबंध, घर से निकलने वाले गीले कचरे से घर पर ही खाद बनाने, घर एवं दुकान के सेप्टिक टेंक की हर तीन साल में नगर निगम के टोल फ्री नम्बर 14420 पर संपर्क कर उसकी नियमित सफाई के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। गतिविधि के दौरान घर, दुकान, स्कूल, ऑफिस से निकलने वाले लिक्विड वेस्ट के सेफ डिस्पोजल नहीं करने से होने वाली बिमारियों एवं उनसे होने वाले हमारे जीवन में हानिकारक दुष्परिणाम के बारे में बताया गया। इस दिशा में किये गए कार्यों के बारे में भी जानकारी दी गई। निगम द्वारा लिक्विड वेस्ट के सेफ डिस्पोजल के लिए लगाये गए एस.टी.पी, एफ.एस.टी.पी. प्लांट्स के बारे में भी जानकारी दी




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना गोहलपुर में मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि प्राची मिश्रा उम्र 14 वर्ष निवासी बस्ती नम्बर 1 सुभाषनगर को घर पर चूहामार दवाई का सेवन करने से विक्टोरिया अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया था। विक्टोरिया से रेफर होने पर रात्रि लगभग 11-55 बजे प्राची मिश्रा को मौसी सुनीता विश्वकर्मा द्वारा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था दौरान उपचार के आज रात लगभग 2-30 बजे प्रार्ची मिश्रा की मृत्यु हो गई है। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# सदर के गैरीसन ग्राउंड में युवक की लाश मिलने से सनसनी, अर्धनग्र अवस्था में मिला

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित सदर क्षेत्र में आज उस वक्त सनसनी फैल गई. जब लोगों ने गैरीसन ग्राउंड में एक युवक को अर्धनग्र हालत में मृत देखा. ग्राउंड में लाश मिलने की खबर पाते ही पुलिस अधिकारी मौके पहुंच गए थे, जिन्होने देखा कि युवक का शरीर पूरी तरह अकड़ चुका था. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर लिया है.

पुलिस अधिकारियों के अनुसार गैरीसन ग्राउंड में आज सुबह जब लोग वॉक करने के लिए पहुंचे तो देखा एक युवक जिसकी उम्र 35 से 40 वर्ष के लगभग है, अर्धनग्र हालत में मृत पड़ा है. शरीर पूरी तरह अकड़ चुका है. ग्राउंड में लाश मिलने की खबर पाते ही आसपास के लोग एकत्र हो गए, जिनके बीच तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त हो गई. इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ में खड़े लोगों से मृतक की शिनाख्ती के प्रयास किए लेकिन किसी ने भी शव



को नहीं पहचाना. पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा. वहीं लोगों का कहना था कि संभवत~ ठंड में रात भर खुले में अर्धनग्र हालत में पड़े होने के कारण मौत हुई होगी.

बताया गया है कि गोविंद कुशवाहा कुछ समय से मिर्गी की बीमारी से पीडित था और कभी भी उसे मिर्गी आ जाती थी लोगों के द्वारा अनुमान लगाया जा रहा है कि शायद वह किसी काम से तालाब के किनारे गया होगा और अचानक उसे मिर्गी के दौरे पडने् लगे होंगे जिससे वह तालाब में गिर गया होगा और उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस के द्वारा पंचनामा उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवक की मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विवेचना के बाद ही सामने आ पाएगी।

## थाना सिविल लाईन अन्तर्गत धारदार हथियार से हुई अंधी हत्या का खुलासा

# मकान के बटवारे के विवाद को लेकर सगे भतीजे ने रिश्तेदारों के साथ मिलकर की थी हत्या

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना सिविल लाईन अन्तर्गत दत्त आर्केड के सामने एक व्यक्ति घायल अवस्था में पडा हुआ था जिसे तत्काल विक्टोरिया अस्पताल भिजवाया गया। विक्टोरिया अस्पताल से एक व्यक्ति को मृत अवस्था में लाये जाने की सूचना पर पहुँची सिविल लाईन पुलिस को नरबद वंशकार उम्र 70 वर्ष निवासी मरही माता मंदिर के पास हनुमानताल ने बताया कि उसका बेटा दयाशंकर वंशकार उम्र 40 वर्ष सुबह लगभग 9 बजे घर आकर बताया कि किसी ने सिविल लाईन से फोन किया है कि तुम्हें काम देना है। बेटा दयाशंकर काम की तलाश में साईकिल से निकला था, लगभग 11-30 बजे उसके भतीजे करन वंशकार ने बहू रानी वंशकार के मोबाइल पर फोन करके बताया कि दयाशंकर को सिविल लाईन क्षेत्र में किसी ने चाकू से मारपीट की है दयाशंकर को विक्टोरिया लेकर गये हैं, वह अपने परिवार के साथ विक्टोरिया अस्पताल आकर देखा बेटे दयाशंकर को सीना, पेट, पीठ, कंधे, जांघ तथा कई जगह चाकू से मारने की चोट है, किसी ने दयाशंकर का जान से मारने की नियत से चाकू मारकर कई जगह चोट पहुँचाकर हत्या कर दी है। दयाशंकर का विवाद, उसके बड़े बेटे स्व. रामबहोर के परिवार से है। पंचनामा कार्यवाही कर शव का पीएम हेतु भिजवाते हुये अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 103 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

घटना की जानकारी लगते ही पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक ओमती श्री पंकज मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री आनंद कलादगी (भा.पु.से.) घटनास्थल पहुँचे।

# आटो में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेण्डर से गैस रिफलिंग करने वाले 2 आरोपी एवं गैस रिफलिंग करा रहे 3 आटो चालक गिरफ्तार

## 5 घरेलू गैस सिलेण्डर, 1 इलेक्ट्रानिक तराजू 1 विधुत मोटर एवं 3 आटो एवं बिक्री के 540 रूपये जप्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी पनागर अजय बहादुर सिंह ने बताया कि आज दिनांक 6-1-25 को मुखबिर से सूचना मिली कि गुरूनानक वार्ड निवासी हर्षित राय अपने घर में घरेलू गैस सिलेण्डर से आटो में गैस रिफलिंग कर रहा है हर्षित राय के घर के सामने तीन आटो गैस भरवाने के लिये खड़े हैं सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई हर्षित राय के घर सामने तीन आटो खड़े एवं बरामदे में तथा पहले वाले कमरे में कुछ सिलेण्डर रखे दिखे कमरे के अंदर इलेक्ट्रानिक तौल कांटा के ऊपर घरेलू गैस सिलेण्डर रखा जाकर विधुत मोटर के माध्यम से घरेलू गैस सिलेण्डरों से आटो में एक व्यक्ति के द्वारा गैस भरी जा रही थी आटो चालकों तथा गैस भरने वाले को घेराबंदी कर पकड़ा नाम पता पूछने पर गैस भरने वाले व्यक्ति ने अपना नाम मुकेश चौधरी उम्र 26 वर्ष निवासी गुरूनानक वार्ड पनागर एवं आटो में गैस भरवा रहे आटो क्रमांक एमपी 20 आर 6004 के चालक ने अपना नाम दिलदार खान उम्र 38 वर्ष निवासी पठानी मोहल्ला पनागर, बिना नम्बर के आटो चालक ने अपना नाम सुरेश यादव उम्र 28 वर्ष निवासी देवरीकला, आटो क्रमांक एमपी 20 आर 8694 के चालक ने जीवनलाल पटैल उम्र 32 वर्ष निवासी देवरीकला, बताये, गैस भरने वाले मुकेश चौधरी ने पूछताछ पर हर्षित राय के कहने पर 200 रूपये प्रतिदिन की मजदूरी पर गैस रिफलिंग करना बताते हुये गैस भरने से 540 रूपये अर्जित करना बताया, इंडेन कम्पनी के 5 घरेलू सिलेण्डर, इलेक्ट्रानिक तौल कांटा, पाईप नोजल सहित विधुत मोटर, गैस बिक्री के 540 रूपये, 3 आटो जप्त करते हुये आरोपी मुकेश चौधरी उम्र 26 वर्ष निवासी गुरूनानक वार्ड पनागर, हर्षित राय उम्र 24 वर्ष निवासी गुरूनानक वार्ड पनागर, दिलदार खान, सुरेश यादव, जीवनलाल पटैल के विरूद्ध धारा 287 बीएनएस तथा 3, 7 ईसी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# डीजल के अवैध कारोबार में लिप्त आरोपी गिरफ्तार, 60 लीटर जप्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी शहपुरा श्री जितेन्द्र पाटकर ने बताया कि आज दिनांक 6-1-25 को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक सफेद शर्ट, काला पेंट पहने एक नीले रंग की बड़ी केन में अवैध रूप से अपने कब्जे में डीजल रखे बेचने की फिराक में सीता सरोवर ढाबा के बाजू में रोड़ किनारे खड़ा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां मुखबिर के बताये हुलिये का युवक बड़ी केन रखे खडा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया

जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसने नाम पता पूछने पर अपना नाम शिवप्रसाद उर्फ आशिक झारिया उम्र 19 वर्ष निवासी पोड़ी फाटक शहपुरा बताया जो एक बड़ी केन में लगभग 60 लीटर डीजल कीमती लगभग 6 हजार रूपये का रखे मिला, जिसे जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 287 बीएनएस तथा 3, 7 ई.सी.एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय भूमिका- आरोपी को डीजल के साथ पकड़ने में उप निरीक्षक महेन्द्र सिंह जाटव, तुलसीराम गौलिया, सहायक उप निरीक्षक दिनेश सिंह राजपूत, आरक्षक प्रमोद पटैल की सराहनीय भूमिका रही।

# अवैध रूप से चोरी की रेत का परिवहन करते टैक्टर चालक गिरफ्तार

## टैक्टर ट्राली चोरी की रेत सहित जप्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी ग्वारीघाट श्रीमति संगीता सिंह ने बताया कि आज दिनांक 6-1-25 को मुखबिर से सूचना मिली कि ललपुर घाट नर्मदा नदी से एक नीले रंग का टेऊक्टर का चालक अवैध रूप से बिना रॉयल्टी की रेत ट्राली में भरकर बेचने के लिये घाट से रेल्वे पुलिया के नीचे आ रहा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान रेल्वे पुलिया ललपुर में दबिश दी गई जहां पर नीले रंग का टेऊक्टर ट्राली जिसमें रेत भरी हुई थी आते दिखा, टेऊक्टर चालक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसने नाम पता पूछने पर अपना नाम आशीष ठाकुर (गौंड़) उम्र 20 वर्ष निवासी ललपुर नई बस्ती ग्वारीघाट बताया, रेत की रॉयल्टी एवं कागजात पूछने पर कोई कागजात नहीं होना बताया, आरोपी के कब्जे से बिना नम्बर का स्वराज टेऊक्टर ट्राली अवेध रेत सहित जप्त करते हुये आरोपी टेऊक्टर चालक एवं टेऊक्टर मालिक के विरूद्ध धारा 303(2), 317(2), 3(5) बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय भूमिका- अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुय टैक्टर चालक को पकडने में सहायक उप निरीक्षक राजीव दुबे, प्रधान आरक्षक बृम्हप्रकाश, दीपक उइके, आरक्षक संदीप पाण्डे की सराहनीय भूमिका रही।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर म.प्र.

### निविदा सूचना

N.I.T. NO. / PWD-16/PRO N0. 467 Date 07/01/ 2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://.mptenders.gov.in की पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_ UAD 392483_2 | रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड अंतर्गत अफजल साईकल से राजा डी.जे.तक सड़क का सीमेण्टीकरण कार्य (पार्षद मद) | 02 माह<br>5..07 लाख | रू. 2,000/-<br>5100/- | 30.01.2025 |
| 2 | 2025_ UAD 392483_3 | रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड अंतर्गत नूरी नगर में पुलिया निर्माण कार्य। (पार्षद मद) | 02 माह<br>2.10 लाख | रू. 2,000/-<br>2200/- | 30.01.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की www.mptenders.gov.in की बेवसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया

**कार्यपालन यंत्री , लोककर्म विभाग नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024 एम. 425/ 2024/2025 दिनांक 06.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री प्रभात कुमार अवस्थी, पिता- स्व. श्री पीताम्बर अवस्थी** ने भवन क्रं. 518 पिन क्र. 1000513091 , **वार्ड क्र. 06, वार्ड इंदिरा गांधी** , के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री पीताम्बर अवस्थी, पिता- स्व. श्री सूरज प्रसाद अवस्थी, भूतल 1106 व.फु., **विक्रयपत्र, शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, त्यागपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024 एम. 424/ 2024/2025 दिनांक 06.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री रणजीत सिंह बिसेन, पिता- श्री देवेन्द्र सिंह बिसेन,** ने भवन क्रं. फ्लैट क्रं. डी-205 पिन क्र. 1004064925 , **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप** , के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्रीमती अमीता सिंह, पति- डॉ. दिग्विजय सिंह, द्वितीयतल 709 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024 एम. 423/ 2024/2025 दिनांक 06.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सूरज कुमार पटेल, पिता- श्री शंभू प्रसाद पटेल,** ने भवन क्रं. एल.आई.जी.-13 पिन क्र. 1003928272 , **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप** , के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री सूरज मालवीय, पिता- श्री दीपचंद्र मालवीय, क्षेत्रफल 450 व.फु., भूतल 250 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**


## पंडित पुरूषोत्तम तिवारी इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी, यूनिवर्सिटी ऑफ इटली, की मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित हुए।






नई दिल्ली-एजेंसी इंडिया इंटेलेक्चुअल कॉन्क्लेव 2025 का फेलिसिटेशन और फेलोशिप प्रोग्राम 5 जनवरी 2025 को नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मेरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए और यूनिवर्सिटी ऑफ क्यूनियो, इटली के संयुक्त दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथियों में शामिल थे। न्यायमूर्ति श्रीमान जस्टिस जेड.यू. खान (पूर्व न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय) श्री एस.बी.एस. त्यागी (आईपीएस, पूर्व संयुक्त पुलिस आयुक्त, नई दिल्ली) महामहिम जुआन कार्लोस मार्सन (राजदूत, भारत में क्यूबा गणराज्य) महामहिम श्री यावो एडम एकपेमाडो (कार्यवाहक उच्चायुक्त, टोगो गणराज्य) डॉ. दीपक वोहरा (भारतीय राजनयिक एवं प्रधानमंत्री के विशेष सलाहकार) डॉ. संदीप मारवाह (कुलपति, एएएफटी विश्वविद्यालय, नोएडा) डॉ. राकेश कुमार खंडाल (पूर्व कुलपति, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी एवं यूपीटीयू) डॉ. एस.एन. पांडेय (कुलपति, द ग्लोबल ओपन यूनिवर्सिटी, नागालैंड) ओरहान गलजुस (निदेशक, रेडियो पैट्रिन नेटवर्क, तुर्की) डॉ. देवेंद्र शर्मा (कुलपति, एचआरआईटी विश्वविद्यालय) प्रो. डॉ. आर.के. सूरी (कुलपति, मोनाड विश्वविद्यालय एवं हैप्पीनेस विश्वविद्यालय) डॉ. आलोक गुप्ता (उप निदेशक, एनआईओएस, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) डॉ. अतुल नासा (प्रो-कुलपति, एसजीटी विश्वविद्यालय, गुरुग्राम) डॉ. अफरोजुल हक (प्रो-कुलपति, एमआईयू) डॉ. जेनिस दर्बारी (भारत में मोंटेनेग्रो गणराज्य की मानद महावाणिज्य दूत) डॉ. विक गैफनी (स्वतंत्र शैक्षिक विद्वान, ऑस्ट्रेलिया) डॉ. पी.के. राजपूत (पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कैडिला)

इस प्रतिष्ठित अवसर पर इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रधान संपादक आईपीएपी अखबार एवं प्रधान संपादक सीआईएन न्यूज ग्रुप, पं. पुरुषोत्तम तिवारी को यूनिवर्सिटी ऑफ क्यूनियो, इटली द्वारा डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी इन सोशल वर्क में मानद डॉक्टोरेट उपाधि से सम्मानित किया गया।

Padma


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024 एम. 422/ 2024/2025 दिनांक 06.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्रीमती अर्चना प्रदीप चौधरी, पति- स्व. श्री प्रदीप जंगेलाल चौधरी, 2. श्री जय प्रदीप चौधरी,, 3. श्री शशांक चौधरी दोनों के पिता- स्व. श्री प्रदीप जंगेलाल चौधरी,** ने भवन क्रं. एच.आई.जी.-156 पिन क्र. 1000490000 , **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप** , के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री उपेन्द्र सिंह पटेल, पिता- श्री ओमेन्द्र सिंह पटेल, क्षेत्रफल 3873.6 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./02/कछपुरा 2024 एम./30 दिनांक 03.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती शाईस्ता बानो, पति- श्री नासिर खान** ने मकान नं. 1948 काजी पिन. नं. 1000478491 **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड,** भूतल 400 व.फु., **चुकतानामा ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 332 दिनांक 07.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि 1.**श्री पंकज जैन, पिता- श्री महेन्द्र कुमार जैन, 2. श्रीमती प्रीति गौतम जैन, पति- श्री पंकज जैन,** ने मकान नं. 635 , सम्पत्ति पिन नं. 1000625002, **वार्ड कमला नेहरू वार्ड ,** भूतल 1100 व.फु., प्रथमतल 628 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/244 2024-25 दिनांक 07/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000506411 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री सरदार जसवंत सिंह, पिता- स्व. श्री सरदार गन्डा सिंह,** के स्थान पर आवेदक **1. श्री सतीश जैसवाल, पिता- स्व. श्री कुंदन लाल जैसवाल, 2. श्रीमती संगीता जैसवाल, पति- श्री सतीश जैसवाल,** ने **मकान नं. 25 वार्ड क्र.- .....,जार्ज डिसल्वा वार्ड,** क्षेत्रफल 1716 व.फु., **दस्तावेज- विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/245 2024-25 दिनांक 07/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1002258896 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती सिम्मी बुधराजा, पति- श्री अमन बुधराजा एवं श्रीमती विम्मी चावला, पति- श्री पवन चावला,** के स्थान पर आवेदक **1. श्री अरविन्द चांदवानी, पिता- श्री पी.के.चांदवानी एवं श्रीमती कृति चांदवानी, पति- श्री अरविन्द चांदवानी,** ने **मकान नं. 26 वार्ड क्र.-.....,जार्ज डिसल्वा वार्ड,** क्षेत्रफल 2000 व.फु., भूतल 1875 व.फु., **दस्तावेज- विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/247 2024-25 दिनांक 07/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000506578 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री श्याम लाल कोरी, पिता- नत्थू लाल कोरी,** के स्थान पर आवेदक **1. श्रीमती सुशीला बाई, पति- स्व.श्री श्यामलाल कोरी,2. राजकुमार, 3. कैलाश, 4. रोहित कुमार, सभी के पिता- स्व. श्री श्यामलाल कोरी एवं श्रीमती कीर्ति, पति- कमलेश, पिता- स्व. श्री श्यामलाल कोरी** ने **मकान नं. 253 वार्ड क्र.-.....,जार्ज डिसल्वा वार्ड,** भूतल 989 व.फु., प्रथमतल 980 व.फु. , **दस्तावेज- शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/196 दिनांक 07.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री रत्नेश जैन, पिता- श्री चन्द्रकुमार जैन,** ने मकान नं. प्लाट नं. 91 , **वार्ड चेरीताल वार्ड,** क्षेत्रफल 1500 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/197 दिनांक 07.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती वेणुका मिश्रा, पति- श्री आनंद मिश्रा,** ने मकान नं. पी.81/5 , **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 720 व.फु., भूतल 720 व.फु., प्रथमतल 720 व.फु., द्वितीयतल 720 व.फु., तृतीयतल 270 व.फु., **मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रयपत्र, वसीयतनामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999